# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 17 जुलाई 2024





छत्तीसगढ़ शासन
विष्णु के सुशासन से
सँवर रहा छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
समर्थन मूल्य और रकबा बढ़ा
3100 रुपए प्रति क्विंटल
की दर से
किसानों से 21 क्विंटल
प्रति एकड़ धान खरीदी
मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने
के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें ...
श्री विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


मंगलवार को 12वीं के ही नतीजों की घोषणा, 10वीं के रिजल्ट भी इस सप्ताह

गड़बड़ियों पर अभी भी चुप्पी... उत्तरपुस्तिकाओं में थी भिन्न-भिन्न हैंडराइटिंग, इसका जवाब नहीं

**जिनके नतीजे रोके गए उनका कारण रोल नंबर पंजीयन, नामांकन आदि में विसंगतियां बताई गईं**




15 मई को पहली बार घोषित किए गए थे दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम

# हरिभूमि-आईएनएच के खुलासे के बाद संस्कृत बोर्ड के नतीजे दोबारा जारी, उत्तीर्ण प्रतिशत घटा, रिजल्ट भी रुके

**परीक्षा परिणाम जारी पर कुछ सवाल बाकी**

*उत्तरपुस्तिका में दर्ज अंक और वेबसाइट पर अपलोड अंकों में भिन्नता पाई गई थी। उत्तरपुस्तिका में फेल छात्र को कंप्यूटर में फर्जी तरीके से नंबर चढ़ाकर उत्तीर्ण घोषित कर दिया गया था। केवल इसकी ही जांच की गई है। जबकि इसके अलावा एक ही छात्र की उत्तरपुस्तिका में कई अलग-अलग हैंडराइटिंग पाई गई थी। हरिभूमि ने छात्रों की उत्तरपुस्तिका को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। पूरे मामले की जांच के लिए बनाई गई टीम ने भी अपनी जांच में यह पाया था कि कई छात्रों की उत्तरपुस्तिका एक से अधिक छात्रों ने लिखी है। इनमें मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र भी शामिल हैं। मंडल ने परीक्षा परिणाम तो जारी कर दिए लेकिन गड़बड़ी करने वालों पर एफआईआर या किसी तरह की कार्रवाई को लेकर कोई फैसला नहीं किया गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि और आईएनएच की टीम ने छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक खुलासा किया था। खुलासा था कि संस्कृत बोर्ड की परीक्षा में जो छात्रा नहीं बैठी वह मेरिट में आई। इस खुलासे के बाद परतें खुली और पता चला कि पूरी परीक्षा में ही घालमेल है। सरकार ने जांच कमेटी बनाई, मेरिट लिस्ट रद्द की। अब जांच के बाद दोबारा नतीजे जारी किए गए हैं। संस्कृत बोर्ड द्वारा जारी ▶▶| शेष पेज 6 पर

### नतीजे पहले और अब

15 मई : जारी अधिसूचना के अनुसार उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (12वीं) का परीक्षा परिणाम 98.43 प्रतिशत रहा। बारहवीं की परीक्षा में 589 छात्र शामिल हुए। इनमें 333 बालक तथा 256 बालिकाएं थी। इनमें 317 बालक तथा 248 बालिकाएं परीक्षा में उत्तीर्ण रहे। 462 बालक-बालिकाओं को प्रथम स्थान मिला। वहीं 96 छात्रों ▶▶| शेष पेज 6 पर

### यह है मामला

संस्कृत विद्यामंडलम के दसवीं और बारहवीं के परिणामों की घोषणा 15 मई को हुई। इसी दिन मेरिट लिस्ट भी जारी की गई। हरिभूमि ने जब टॉपर्स से बात की तो उनकी शैक्षणिक योग्यता को लेकर संदेह हुआ। जब हरिभूमि की टीम ने गहराई से मामले की जांच की तो पता ▶▶| शेष पेज 6 पर

### बढ़ गए परीक्षा में शामिल छात्र?

विद्यामंडलम द्वारा पूर्व में जारी नतीजों में बारहवीं की परीक्षा में 589 छात्रों के शामिल होने की बात कही गई थी। मंगलवार को जारी परिणाम में 664 छात्रों के परिणाम जारी किए गए हैं। इसे लेकर कोई स्पष्टीकरण खबर लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हुआ है।

### मंडल सचिव राकेश पांडेय से दो टूक

*सवाल- जिन छात्रों के परिणाम रोके गए हैं, उनकी उत्तरपुस्तिकाओं में क्या गड़बड़ी पाई गई है?*
जवाब- अनियमितता पाई गई है। कई अन्य कारण हैं, जिनकी वजह से नतीजे रोके गए हैं।
*सवाल- मेरिट लिस्ट क्यों जारी नहीं की गई?*
जवाब- अब क्या लिस्ट जारी करेंगे? अभी हमारी प्राथमिकता है कि बारहवीं पास बच्चों का कॉलेज में दाखिला हो जाए।
*सवाल-संस्कृत विद्यामंडलम की वेबसाइट नहीं खुल रही है।*
जवाब- वेबसाइट ब्लॉक है। पहले से ही ब्लॉक है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### पुरी रत्न भंडार कल फिर से खोला जाएगा



**पुरी।** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने कहा कि रत्न भंडार का आंतरिक कक्ष गुरुवार को सुबह नौ बजकर 51 मिनट से दोपहर 12 बजकर 15 मिनट के बीच फिर से खोला जाएगा ताकि आभूषणों को मंदिर में स्थित अस्थायी कोषागार में स्थानांतरित किया जा सके। यह निर्णय एक बैठक के दौरान लिया गया। रत्न भंडार को 46 वर्षों के बाद रविवार को मरम्मत के लिए पुनः खोला गया था।

### तिहाड़ जेल में बंद के. कविता की बिगड़ी तबीयत



**नई दिल्ली।** धनशोधन के मामले में गिरफ्तार और फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को मंगलवार को दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल ले जाया गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने कथित दिल्ली आबकारी नीति 'घोटाले' से जुड़े धनशोधन के मामले में 46 वर्षीय कविता को इस साल 15 मार्च को गिरफ्तार किया था।

### अनंत की शादी में बम की धमकी, इंजीनियर गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने अनंत अंबानी के विवाह समारोह में बम की धमकी देने संबंधी सोशल मीडिया पोस्ट के मामले में गुजरात के एक 32 वर्षीय इंजीनियर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान वडोदरा निवासी विरल शाह के रूप में की गई है। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने उसे आज सुबह गुजरात स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया। पोस्ट साझा किए जाने के बाद से मुंबई पुलिस हाई अलर्ट पर थी।

### हाइवा को स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर, छह की मौत



**पटना।** बख्तियारपुर-बिहारशरीफ सड़क मार्ग के निर्माणाधीन फोरलेन पर खड़ी हाइवा को स्कॉर्पियो ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई तथा पांच घायल हो गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शोक जताया तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। सीसीटीवी फुटेज, फॉरेंसिक साक्ष्यों व अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार घटना की जांच की जा रही है।

कश्मीर में बड़ी वारदात, एक महीने में 12 जवान शहीद

# डोडा में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में कैप्टन समेत सेना के चार जवान शहीद

*जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल हुए एक कैप्टन समेत सेना के चार जवान शहीद हो गए। आतंकियों की तलाश और उनके सफाये के लिए अतिरिक्त बल भेजा गया है। मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों की पहचान कैप्टन बृजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही बिजेन्द्र और सिपाही अजय के रूप में हुई है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी समेत सेना के सभी रैंक के अधिकारियों ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।*



एजेंसी ▶▶| जम्मू

पिछले तीन सप्ताह में डोडा जिले के जंगलों में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच यह तीसरी बड़ी मुठभेड़ है। यह ताजा घटना कठुआ जिले के दूरस्थ माचेड़ी वन क्षेत्र में सेना के गश्ती दल पर आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए हमले के एक सप्ताह बाद हुई है जिसमें पांच सैनिक शहीद हो गए थे और कई घायल हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह के जवानों ने सोमवार देर शाम डोडा शहर से लगभग 55 किलोमीटर दूर देसा वन क्षेत्र के धारी गोटे उरबागी में संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि कुछ देर की गोलीबारी के बाद आतंकवादियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन एक अधिकारी के नेतृत्व में बहादुर जवानों ने दुर्गम इलाके और घने जंगल के बावजूद उनका पीछा किया ▶▶| शेष पेज 6 पर



### ये हुए बलिदान

- कैप्टन बृजेश थापा, दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल
- नायक डी राजेश, आंध्र प्रदेश
- सिपाही बिजेंद्र, झुंझुनूं, राजस्थान
- सिपाही अजय सिंह, झुंझुनूं, राजस्थान

### आतंकवाद के अभिशाप को खत्म करने प्रतिबद्ध : राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया, हमारे बहादुर और साहसी भारतीय सेना के जवानों के शहीद होने पर मुझे गहरा दुख हुआ है। आतंकवाद विरोधी अभियान जारी हैं और हमारे सैनिक आतंकवाद के अभिशाप को खत्म करने और क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### सेना प्रमुख ने दी श्रद्धांजलि

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और भारतीय सेना के सभी रैंक के अधिकारियों ने डोडा में बलिदान हुए वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। सेना ने अपने संदेश में कहा, कैप्टन बृजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही बिजेंद्र और सिपाही अजय के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी।

### कश्मीर टाइगर्स ने ली जिम्मेदारी

आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहीदीन के मुखौटा गुट कश्मीर टाइगर्स ने डोडा हमले की जिम्मेदारी ली है। हालांकि अभी सेना और पुलिस की तरफ से इस पर लेकर बयान सामने नहीं आया है।



### बीते दो महीनों में आतंकी वारदात

- **जून 09-** रियासी में बस आतंकी हमला, 10 नागरिक मारे गए, 50 घायल
- **जून 11-** कठुआ में आतंकी हमला, सीआरपीएफ जवान शहीद, दो पाक आतंकी ढेर,
- **जून 11-** डोडा की तहसील भद्रवाह के छत्रगलां में एक एसपीओर सहित पांच जवान घायल
- **जून 12-** डोडा के गंडोह में आतंकियों के साथ मुठभेड़, पुलिस कर्मी घायल
- **जून 26-** डोडा के गंडोह में मुठभेड़, तीन आतंकवादियों का खात्मा
- **जुलाई 08-** कठुआ के बदनोता में आतंकी हमला, पांच जवान बलिदान, पांच घायल
- **जुलाई 09-** डोडा के भद्रवाह में मुठभेड़, भाग निकले आतंकी
- **जुलाई 15-** डोडा के देसा में मुठभेड़, एक कैप्टन सहित चार जवान घायल

## गोवंश की तस्करी अब गैर जमानती, सात साल की होगी सजा, संपत्ति कुर्की का भी जिक्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में अवैध गोवंश को लेकर प्रदेश की सरकार ने सख्य कदम उठाए हैं। इसमें गोवंश के अवैध परिवहन पर सात साल की सजा होगी। इसी के साथ और भी कई प्रावधान किए गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर गृह विभाग द्वारा गोवंश व दुधारू पशुओं के अनाधिकृत परिवहन (तस्करी), वध व मांस की बिक्री आदि घटनाओं की रोकथाम तथा संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के संबंध में आदेश जारी किया गया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, हमारी सरकार गोवंश के अवैध परिवहन पर सख्ती से निपट रही है। हमने सजा और जुर्माने का प्रावधान करके यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी इस कानून का उल्लंघन न कर सके। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी।



- गृह विभाग ने प्रभावी कार्रवाई के लिए जारी किया आदेश

श्री शर्मा ने बताया, छत्तीसगढ़ में अब गो तस्करी संभव नहीं और इसके लिए हमने प्रत्येक स्तर पर जिम्मेदारी तय की है। उन्होंने कहा, अवैध परिवहन पर सात साल की सजा और 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। यह सिद्ध करना कि ▶▶| शेष पेज 6 पर

### अधिकारियों पर भी गिरेगी गाज

उपमुख्यमंत्री ने कहा, यदि नियम विरुद्ध परिवहन होना पाया जाता है तो जहां से परिवहन शुरू हुआ और जहां वाहन जब्त किया गया है, उस बीच के समस्त पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारियों के सर्विस बुक में नकारात्मक टीप अंकित की जाएगी और पांच से अधिक बार नकारात्मक टीप अंकित होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। यदि किसी पुलिस अधिकारी-कर्मचारी की गोवंश के वध तथा गोवंश व दुधारू पशुओं की तस्करी (अवैध परिवहन) की कार्रवाई में किसी प्रकार की शिथिलता व संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक और विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

दूसरी किस्त

## शहीद की विधवा ने सास को कराई चारधाम यात्रा



*राजेश दास ▶▶| जगदलपुर*

अलग खबर

*देश में इन दिनों यूपी के देवरिया में शहीद कैप्टन अंशुमान की पत्नी के कीर्ति चक्र लेकर मायके जाने की चर्चा चल रही है, दूसरी ओर बस्तर की बेटी सास की सेवा करते हुए उसे चारधाम की यात्रा कराते हुए पूरा ख्याल रख रही है। हम बात कर रहे है शहीद प्रधान आरक्षक श्रवण कश्यप की, जिन्होंने वर्ष 2021 अप्रैल माह के पहले सप्ताह छग के बीजापुर जिले के तर्रेम इलाके में नक्सलियों के मिलिट्री बटालियन हेड हिड़मा की बटालियन के साथ हुए मुठभेड़ में बहादुरी से लड़ाई लड़ते हुए देश* ▶▶| शेष पेज6 पर

### चार धाम के दौरान ही पति कि अस्थियां गंगा में विसर्जित कीं

*द्रुतिका कश्यप ने बताया कि चार धाम की यात्रा के दौरान उसने परिवार के साथ वर्ष 2022 में पति के अस्थियों को इलाहाबाद स्थित गंगा नदी में विसर्जित किया। इसके बाद उसने सासू मां डेढ़ सास व स्वयं की मां के साथ चारधाम की यात्रा कर दर्शन लाभ लिया। उसने बताया कि पति श्रवण के एक भाई व एक इकलौती बहन भी है, जिनके साथ भी वह पारिवारिक संबंध रखते हुए बेटे का फर्ज निभा रही है।* ▶▶| शेष पेज 6 पर

### शहादत के समय गर्भवती थी

*शहीद की पत्नी द्रुतिका कश्यप ने बताया कि पति के शहादत के समय बड़ा बेटा वरुण लगभग 4 साल का था। वहीं गर्भ में पल रहा दूसरा बेटा वेद इस समय तीन वर्ष का है। स्वयं शिक्षित होने के बावजूद उसने अनुकम्पा नियुक्ति नहीं ली और अपने दोनों बेटों को पढ़ा लिखाकर शिक्षित करना चाहती है, वहीं बड़े बेटे वरुण को इस समय निजी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ा रही है। उसके बालिग होने पर पिता की अनुकम्पा नौकरी उसे दिलाने प्रयासरत है। सास पैतृक घर बनियागांव में परिवार के अन्य सदस्यों* ▶▶| शेष पेज 6 पर

केंद्रीय मंत्रियों से होगी मेल-मुलाकात

## सीएम साय और दोनों डिप्टी सीएम आज जाएंगे दिल्ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा बुधवार को दिल्ली जाएंगे। जहां मुख्यमंत्री के साथ डिप्टी सीएम विजय शर्मा सुबह को जा रहे हैं, वहीं डिप्टी सीएम अरुण साव शाम की फ्लाइट से जाएंगे। बुधवार को दिल्ली में रुकने के बाद दूसरे दिन गुरुवार ▶▶| शेष पेज 6पर

दो दर्जन मजदूरों से भरा तेज रफ्तार पिकअप पलटा 6 गंभीर

## मालवाहक में फिर सवारी, पलटा वाहन, एक की मौत, 14 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

सारंगढ़ जिला मुख्यालय से बरमकेला के मध्य जंगल क्षे सड़क मार्ग पर मोड़ के पास मंगलवार को एक पिकअप वाहन सीजी 13 यूडी 6326 अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें 21 लोग सवार थे। दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई वहीं 6 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए।करीब एक दर्जन को सामान्य चोट आई है। गंभीर घायलों को ▶▶| शेष पेज 6 पर



### प्रतिबंध के बावजूद पिकअप में सवारी

गौरतलब है कि कांकेर में दो माह पूर्व करीब 40 लोगों से भरी पिक अप खाई में गिरने और इस घटना में 36 की मौत के बाद पूरे प्रदेश में पिक अप पर सारी ढोना प्रतिबंधित कर गंभीरता से जिले में भी लोगों से भरे पिक अप वाहनों की जांच कर मोटा जुर्माना वसूल ▶▶| शेष पेज6 पर

### मृत व्यक्ति का नाम

- छबीलाल जोल्हे पिता हिरालाल जोल्हे उम्र 45 वर्ष निवासी बडे खरी थाना सारंगढ़

**ये हुए घायल**

- रिया सिदार पिता छेदी लाल उम्र 20 वर्ष निवासी बैलपारा थाना सारंगढ़
- ओम प्रकाश साहू पिता रामेश्वर साहू उम्र 30 वर्ष
- गगीता मैत्री पिता किसम मैत्री उम्र 35 वर्ष निवासी उमेथपुर विजयपुर थाना सारंगढ़ ▶▶| शेष पेज6 पर

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को सही ठहराया

## सहायक शिक्षक के लिए डीएलएड डिप्लोमाधारी ही योग्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ बीएड डिग्रीधारकों की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ भेदभाव नहीं करेंगे। इस महत्वपूर्ण टिप्पणी के साथ छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के पूर्व के फैसले को सही ठहराया। सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के फैसले के अनुसार कार्रवाई करने का

- हाईकोर्ट के फैसले के अनुसार कार्रवाई करने का निर्देश राज्य शासन को दिया गया



निर्देश राज्य शासन को दिया है। ध्यान रहे कि हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद अब असिस्टेंट टीचर की भर्ती में बीएड पास उम्मीदवारों की दावेदारी खत्म हो गई है। ज्ञात हो कि डीएलएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी विकास सिंह, युवराज ▶▶| शेष पेज 6 पर

### जिनकी ज्वाइनिंग हो चुकी उनकी नियुक्ति भी निरस्त

ज्ञात हो कि हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस एनके चंद्रवंशी की डिवीजन बेंच ने बीएड अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग और अंतिम चयन सूची पर अंतरिम रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट ने फैसले में बीएड पास उम्मीदवारों की दावेदारी खत्म कर दी है। डिवीजन बेंच ने स्पष्ट किया है कि प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों के लिए केवल डीएलएड पास उम्मीदवार ही मान्य होंगे। कोर्ट ने यह भी कहा है कि बीएड पास असिस्टेंट टीचर जिनकी ज्वाइनिंग हो चुकी है, उनकी नियुक्ति राज्य सरकार निरस्त करे।

### बिना तलाक शादी, पति-पत्नी को छह-छह माह की कैद



*पति और पत्नी को सुप्रीम कोर्ट ने सुनाई अनूठी सजा*

**नई दिल्ली।** बिना तलाक दूसरी शादी करने के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एक दंपती को 6-6 महीने जेल की सजा सुनाई है। हालांकि इस मामले को असाधारण बताते हुए आरोपियों को विशेष छूट दी गई है। सुप्रीम कोर्ट नेक कहा कि दंपति का छोटा बच्चा भी है, ऐसे में इन्हें अलग-अलग समय पर सजा काटने की छूट दी जाती है। कोर्ट ने कहा कि 6 साल के बच्चे की देखभाल भी जरूरी है इसलिए ▶▶| शेष पेज 6 पर

## चिंतन

# आतंकवाद के खिलाफ आर-पार की लड़ाई हो

भारत कश्मीर में आतंकवाद फिर से फन उठा रहा है। घाटी में लगातार आतंकवादी घटनाएं हो रही हैं। अब जम्मू-कश्मीर के डोडा में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में कैप्टन समेत सेना के चार जवान शहीद हो गए। अभी आठ जुलाई को ही कठुआ में पांच सैन्यकर्मी शहीद हुए थे और पांच जवान घायल हो गए थे। कश्मीर में आतंकवाद की घटनाएं तब बढ़ रही हैं, जब सुरक्षा बल दहशतगर्दी के खिलाफ ऑपरेशन चला रहे हैं। यह चिंता की बात है। हमारे जवान आतंकियों के निशाना बन रहे हैं, स्थिति उलट होनी चाहिए थी। कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ भारत नब्बे के दशक से लड़ रहा है, इसलिए करीब चार दशक में भारतीय सुरक्षा बलों के पास इस क्षेत्र के भूगोल की चप्पे-चप्पे की जानकारी है, इसके बाद भी अगर हमारे सैनिक आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद हो रहे हैं, तो ऑपरेशन के स्वरूप की समीक्षा होनी चाहिए और उसमें जरूरत के हिसाब से बदलाव होना चाहिए। मुठभेड़ अंजाम देने से पहले, रेकी की जानी चाहिए, भूगोल की जानकारी जुटानी चाहिए, ड्रोन व लेजर बम जैसी तकनीक का इस्तेमाल होना चाहिए। ऐसा नहीं है कि हमारे सुरक्षा बल इन सभी पहलुओं पर गौर नहीं करते होंगे, बल्कि वे धरातल पर हैं तो अच्छे से चीजों को देखते होंगे, इसके बाद भी जवानों के शहीद हो जाने पर दुख होता है, और लगता है कि ऑपरेशन के अमल में कहीं न कहीं खामी रह गई होगी। इस साल जनवरी से अब तक कई आतंकी घटनाएं जम्मू-कश्मीर में हुई हैं। 15 और 8 जुलाई के अलावा 7 जुलाई को राजौरी जिले में एक सुरक्षा चौकी पर आतंकवादी हमले में एक सैन्यकर्मी घायल हो गया। जून में 26 जून को डोडा जिले में गोलीबारी में तीन विदेशी आतंकवादी मारे गए, 12 जून को डोडा जिले में ही आतंकवादी हमले में एक पुलिसकर्मी घायल हुआ, 11/12 जून को कठुआ जिले में मुठभेड़ में दो विदेशी आतंकवादी मारे गए और केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के एक जवान की मौत हो गई। डोडा जिले में आतंकवादी हमले में राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी घायल हो गए। 9 जून को रियासी जिले में एक बस पर आतंकवादी हमले में नौ तीर्थयात्री मारे गए व 42 घायल हो गए। मई में 4 मई को पुंछ जिले में आतंकवादी हमले में एक वायुसेना कर्मी की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। अप्रैल में 28 अप्रैलको उधमपुर जिले में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक ग्राम रक्षा प्रहरी की मौत हो गई, 22 अप्रैल को राजौरी जिले में आतंकवादियों ने एक सरकारी कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी। वर्ष 2023 में भी चार बड़े आतंकी हमले हुए थे। वर्ष 2023 में 43 आतंकी घटनाएं कश्मीर से अलग जम्मू में हुईं। जम्मू क्षेत्र में आतंकी घटनाओं में पिछले 32 महीनों में 48 जवान शहीद हो चुके हैं और 23 आम नागरिक भी आतंकियों की गोली का निशाना बने हैं। सरकार व सुरक्षा बलों को पता है कि कश्मीर में आतंकवाद के पीछे किसका हाथ है। खुद आतंकी घटनाएं झेलने के बावजूद पाकिस्तान कश्मीर में आतंकवाद को शह देने से बाज नहीं आ रहा। सरकार ने सुरक्षा बलों को आतंकवाद से निपटने के लिए खुली छूट जरूर दी है, लेकिन घटनाएं थम नहीं रही हैं, ऐसे में सरकार को आतंकवाद के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन करना चाहिए, जिसमें पीओके के आतंकी ठिकाने भी निशाने पर हों। कश्मीर को आतंकवाद मुक्त करना जरूरी है, इसके लिए आर-पार की लड़ाई चाहिए। केवल सरकार के बयानों से बात नहीं बनेगी।

# राजनीति में प्रतिस्पर्धी मानें, दुश्मन नहीं



**दरकार**
अवधेश कुमार

डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश हम सबके लिए सबक होना चाहिए। राजनीति और सार्वजनिक जीवन में असहमति और मतभेद होना स्वाभाविक है, किंतु राजनीति और सार्वजनिक जीवन में घृणा और दुश्मनी का कोई स्थान नहीं। हम एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी होंगे, राजनीतिक और वैचारिक विरोधी होंगे, किंतु दुश्मन नहीं जिसके विरुद्ध इतनी घृणा पैदा की जाए कि लोग हिंसा की सीमा तक पहुंच जाए। यह सभी पक्षों पर लागू होता है। हालांकि जैसा वातावरण भारत, अमेरिका सहित कई देशों में बन चुका है उसमें कोई तत्काल इससे सबक लेगा संभावना कम है, क्योंकि वातावरण विषाक्त बन चुका है। यही प्रश्न है कि स्थिति को हम कैसे संभालें।

तेरह जुलाई का दिन अमेरिका ही नहीं विश्व इतिहास के लिए भयावह और सबक लेने वाले दिन के रूप में दर्ज हो गया है। अमेरिका जैसे पुराने लोकतांत्रिक देश में रिपब्लिकन राष्ट्रपति उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर सार्वजनिक सभा में गोली चलाकर हत्या का प्रयास अचंभित करने वाली घटना है। पेनसिल्वेनिया के बटलर में ट्रंप चुनावी रैली कर रहे थे। अचानक गोली आई और ट्रंप के कान को छूते हुए निकल गई। वीडियो में साफ दिख रहा है कि ट्रंप रैली के दौरान भाषण दे रहे थे। उसी बीच गोलियां चलने लगती हैं। ट्रंप कहते हैं- ओह और अपना कान छूते हैं और उनका हाथ लहूलुहान दिखता है। वह तुरंत नीचे झुक जाते हैं, लेकिन गोलियां चलती रहती है। वे कुछ ही क्षण में फिर खड़े होते हैं, दोनों हाथों की मुट्ठियां भींचकर ऊपर उठाते हैं और लोग उनके पक्ष में नारे लगाते हैं। हमले के बाद ट्रंप ने कहा कि 'उन्हें ऐसा लगा कि गोली उनके कान के आर-पार हो गई है।'

हालांकि अमेरिकी इतिहास में इसके पूर्व दो बार राष्ट्रपति उम्मीदवारों पर हमले के रिकॉर्ड हैं। 1912 में राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट दोबारा राष्ट्रपति बनने के लिए चुनावी अभियान में लगे थे तब मिल्वौकी में एक भाषण के लिए जाते समय एक सैलून संचालक ने उन्हें गोली मार दी थी। वे बच गए थे। गोलीबारी के बावजूद उन्होंने भाषण दिया। 1972 में अलबामा के गवर्नर जॉर्ज वालेस को तीसरी बार राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव प्रचार के दौरान वाशिंगटन डीसी के बाहर गोली मार दी गई थी। हमले के कारण उनकी कमर से नीचे का हिस्सा लकवाग्रस्त हो गया था, लेकिन वर्तमान हमले के कारण परिस्थितियों और इसके पीछे की विचारधारा अलग है। जांचकर्ताओं का कहना है कि ट्रंप की हत्या की कोशिश की गई थी। साफ है कि ट्रंप बाल-बाल बचे हैं। इसे संयोग ही कहिए अन्यथा गोली अगर कान को छूकर निकलने की बजाय अंदर चली गई होती तो आज ट्रंप की जीवनलीला समाप्त हो चुकी होती। बताया गया है कि दोनों हमलावर सुरक्षाकर्मियों के गोली का शिकार हो चुके हैं। अमेरिका की संघीय जांच ब्यूरो और अन्य एजेंसियां मिलकर जांच कर रही हैं और हत्या के प्रयास के कारणों का पता आने वाले समय में चलेगा। जांच रिपोर्ट जो भी कहे आम अमेरिकी और इस समय अमेरिका सहित विश्वभर में राजनीति, एक्टिविज्म और नैरेटिव की प्रवृत्तियों पर दृष्टि रखने वाले समझ सकते हैं कि इसके कारण क्या होंगे। ट्रंप पर हमले की सूचना आते ही पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने इसकी निंदा करते हुए अमेरिकी समाज में हिंसा के लिए कोई स्थान न होने का बयान दिया तथा अपील की कि हमें सभ्य तरीके से व्यवहार करना चाहिए। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी टेलीविजन प्रसारण में इसकी निंदा करते हुए यही कहा। समाचार के अनुसार बाइडेन ने ट्रंप से फोन पर बातचीत भी की, किंतु सच यह भी है कि डेमोक्रेटिक सहित अमेरिका के बुद्धिजीवियों, मीडिया, एक्टिविस्ट, यहां तक कि प्रशासन के एक बहुत बड़े वर्ग ने ट्रंप और उनकी विचारधारा के सामान्य विरोध की जगह उसके प्रति जिस ढंग से घृणा पैदा की है उसका असर अमेरिकी समाज पर है। ट्रंप को डेमोनाइज करते हुए उन्हें हिटलर से लेकर न



जाने क्या-क्या उपाधि दी गई है। उन्हें लोकतंत्र ही नहीं, अमेरिकी समाज और एकता अखंडता के लिए सबसे बड़ा खतरा बता दिया गया है। अमेरिका में ऐसे निहित स्वार्थी समुदाय हैं जिनके अंदर यह भाव गहरा हुआ है कि अगर ट्रंप दोबारा राष्ट्रपति बने तो उनके लिए समस्याएं पैदा होंगी। बड़ी संख्या में गैर अमीर क्यों और अवैध और अप्रवासियों को लगता है कि उन्हें देश से जाना पड़ सकता है। संयोग देखिए की ट्रंप पर गोली उस समय चली जब वह एक चार्ट पढ़ते हुए बता रहे थे कि अमेरिकी सीमा पार करने वाले अवैध प्रवासियों की संख्या कितनी है। ट्रंप एवं उनके समर्थकों ने अमेरिका में अवैध रूप से आने और रहने को एक बड़ा मुद्दा बनाया है। यह अनायास नहीं है कि ट्रंप को किसी तरह राष्ट्रपति की दौर से बाहर करने के हर प्रयास अमेरिका में हो रहे हैं। चूंकि अभी तक इसमें सफलता नहीं मिली है इसलिए संभव है कुछ व्यक्तियों या समूहों ने उन्हें रास्ते से ही हटा देने का निर्णय किया हो, इसलिए यह हमला अंतिम नहीं हो सकता। अगर भारत की ओर लौटें तो प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे हिंदुत्व विचारधारा को मानने वाले संगठनों को लेकर ऐसे ही वातावरण बनाने की कोशिश हुई है। ज्यादातर गैर भाजपायी राजनीतिक दलों के नेताओं, मीडिया के एक वर्ग, बुद्धिजीवी, एक्टिविस्ट, थिंक टैंक आदि भारत में भी उनके प्रति ऐसी ही घृणा और विरोध पैदा कर रहे हैं। इन संगठनों को फासिस्ट, अल्पसंख्यक विरोधी, हिंसक, भारतीय समाज की एकता का दुश्मन और न जाने क्या-क्या कहा गया है। एक बड़े वर्ग के अंदर यह भावना पैदा कर दी गई है कि अगर आपको स्वयं, देश को बचाना है तो इन सबको हर स्तर पर पराजित करना होगा। हम सोशल मीडिया से लेकर टीवी डिबेटों पर उनके विरोधियों की भाषा देख सकते हैं। पूरे देश के एक बड़े वर्ग के अंदर घृणा का भाव पैदा हुआ है। इस समय विश्वभर में इस तरह की प्रवृत्ति उभरी है। पूर्व में क्रांति कर सत्ता बदलने के विचार-व्यवहार वाले कम्युनिस्टों की जगह एक ऐसे नव वाममार्गी विचारधारा पूरी दुनिया में दिख रही है जो राष्ट्रवाद पर गर्व करने वाले संगठनों को लेकर घृणा-विरोध नैरेटिव और अन्य संसाधनों से पैदा कर रहा है। भारत और अमेरिका दो देश इस समय इन मामलों में सबसे आगे हैं। इन दोनों देशों के अंदर समाज में तनाव और गुस्सा धीरे-धीरे बढ़ाया गया है। यह अजीब किस्म का नया वामवाद या कम्युनिज्म है जिसकी अपनी विचारधारा स्पष्ट नहीं लेकिन ये उसी तरह की रेडिकल बातें करते हैं। हैरत की बात यह है कि इनमें विश्व के बड़े पूंजीपति, एनजीओ और संस्थान शामिल हैं। अमेरिका में इनकी संख्या ज्यादा है इसलिए इसका प्रभाव वहां सर्वाधिक दिखा है। भारत में संघ, भाजपा या ऐसे कुछ संगठनों का जमीन तक विचारधारा के आधार पर संगठन है इस कारण यहां ऐसा प्रभाव नहीं दिखता है। कई बार एक ही परिवार या रिश्तों के बीच दोनों विचारधाराओं के लोग हैं। ऐसी सामाजिक संरचना दूसरे देश में नहीं है। सच कह तो इस कारण हम बचे हुए हैं।

डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश हम सबके लिए सबक होना चाहिए। राजनीति और सार्वजनिक जीवन में असहमति और मतभेद होना स्वाभाविक है, किंतु राजनीति और सार्वजनिक जीवन में घृणा और दुश्मनी का कोई स्थान नहीं। हम एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी होंगे, राजनीतिक और वैचारिक विरोधी होंगे, किंतु दुश्मन नहीं जिसके विरुद्ध इतनी घृणा पैदा की जाए कि लोग हिंसा की सीमा तक पहुंच जाए। यह सभी पक्षों पर लागू होता है। हालांकि जैसा वातावरण भारत, अमेरिका सहित कई देशों में बन चुका है उसमें कोई तत्काल इससे सबक लेगा इसकी संभावना कम है। अगर सबक लेकर हम संभलने या संभालने की कोशिश करें तो उसमें भी सफलता की संभावना कमजोर हो गई है, क्योंकि वातावरण काफी विषाक्त बन चुका है। इसलिए सबके सामने यही प्रश्न है कि स्थिति को हम कैसे संभालें।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



एडम चोटी या एडम पीक श्रीलंका के आकर्षण में एक नायाब हीरा हैं जोकि श्रीलंका दर्शन के महत्व को और अधिक बढ़ा देता हैं। एडम पीसक के शिखर पर एक पत्थर में एक पदचिह्न है। जोकि अलग-अलग धर्म के लोगो के लिए अध्यात्मिक महत्व रखता हैं और वर्तमान समय में शिखर पर एक बौद्ध मठ बना हुआ है।


## मोह-माया से दूर रहकर ही मुक्ति संभव



संकलित
**दर्शन**

हम एक-दूसरे की ओर ध्यान से देखते हैं, तो पाते हैं कि हम में से हरेक के गुण अलग हैं। तौर-तरीके अलग हैं। विचार अलग हैं। बात करने का तरीका, कार्य करने का तरीका भी अलग है। अगर हम अपने आपको श्रेणिबद्ध करने की कोशिश करें, तो चार किस्म की श्रेणियां हैं, जिसमें कि इनसान अपने आपको पाता है। एक महापुरुष की जिंदगी का एक किस्सा है। एक बार वे अपने शिष्यों के साथ समुद्र के किनारे टहल रहे थे। वहां उन्होंने देखा कि एक मछुआरा अपना जाल डालकर पानी में बैठा हुआ है। जैसे ही वे उस मछुआरे के पास से गुजरे, तो रुक गए। उन्होंने अपने शिष्यों से कहा कि जाकर देखो, उस मछुआरे के जाल में किस किस्म की मछलियां फंसी हुई हैं? शिष्यों ने आकर संत से कहा कि उन्होंने वहां तीन किस्म की मछलियां देखी हैं। कई मछलियां ऐसी थीं, जो कि जाल में एकदम निढाल होकर पड़ी हुई थीं, वे ऐसे लेटी हुई थीं, जैसे कि उन्हें कुछ नहीं करना। दूसरी किस्म की मछलियां ऐसी थीं, जो जाल में से निकलने के लिए कुछ हाथ-पैर मार रही थीं, लेकिन वे जाल में फंसी रहीं। तीसरी किस्म की मछलियां वे थीं, जिन्होंने बहुत हाथ-पैर मारे और मारते-मारते कुछ जाल में से बाहर निकल गईं। संत ने अपने शिष्यों को समझाते हुए कहा कि हम इनसान भी कुछ ऐसे ही जीते हैं। कुछ लोग ऐसे हैं, जो माया के जाल में ऐसे फंसे हुए हैं कि वे सोचते ही नहीं कि वे जाल में फंसे हुए हैं, वे वैसे ही उस जाल में टिके रहते हैं। उसी में मस्त रहते हैं। दुनिया के कार्यों में लगे रहते हैं।

## सब दिशाओं में फैलती है सतकर्मों की सुगंध



संकलित
**प्रेरणा**

महात्मा बुद्ध धर्म-प्रचार के लिए स्थान-स्थान पर जाते थे। उनके वचनों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग उनके शिष्य बन जाते थे। जो लोग उनके शिष्य नहीं बन सके, वे उनके अनुयायी बन गए। बुद्ध अपने सभी शिष्यों को समान मानते थे। इनमें आनंद नाम का एक शिष्य था, जो उनके सबसे प्रिय शिष्यों में से एक था। एक बार आनंद श्रावस्ती में संध्या के समय विपश्यना कर रहे थे। उनके साथ अनेक शिष्य और आम जन भी थे। विपश्यना करते हुए अचानक उनका ध्यान पास ही खिले हुए फूलों की ओर गया। उन खिले हुए फूलों की सुंदरता को देखकर वह चिंतन करने लगे कि ये फूल देखने में जितने सुंदर हैं, उतनी ही अच्छी इनकी सुगंध भी है। लेकिन यह क्या? यह सारी सुगंध तो उस ही दिशा में बह रही है, जिस ओर हवा बह रही है। जबकि इन फूलों की सुगंध को तो चारों ओर फैलना चाहिए। आखिर इसका कारण क्या है? फूलों की सुगंध हवा का अनुसरण क्यों कर रही है। ऐसा लगता है मानो हवा फूलों की इस सुगंध को अपनी ओर खींच रही हो। यह चिंतन करते-करते आनंद को ध्यान आया कि बुद्ध ने तीन प्रकार की उत्तम गंध की चर्चा की है। ये हैं- 'मूलगंध', 'सारगंध' और 'पुष्पगंध।' क्या इसके अलावा कोई और भी गंध है, जो हवा के विपरीत या सब तरफ फैले। आनंद के मन में विचार आया कि क्यों न बुद्ध के पास जाकर इस शंका का समाधान पाया जाए। ऐसा सोचकर वह बुद्ध के पास गए और बोले, 'भंते! क्या इस जगत में ऐसी भी कोई सुगंध है, जो हर दिशा में अपनी सुगंध बिखेरती हो।

## विश्व न्याय दिवस

अखिलेश आर्येन्दु




# सब को समान न्याय एक चुनौती

दुनिया में मानवता के खिलाफ अपराध को रोकना मानवतावादियों के लिए चुनौती रही है। आज भी दुनिया में कहीं न कहीं नरसंहार, युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ संहार चलते रहते हैं। इन्हें रोकने की तमाम कवायदें चलती रहने के बावजूद इन्हें रोकना संभव नहीं हो पाया है। इन्हें रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की स्थापना हुई। 17 जुलाई 1998 को 120 देश अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के रोम संविधि नामक संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए एक साथ आए। तब से इसे अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के रूप में जाने जाना लगा। रोम संविधि का जश्न मनाने के लिए, विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस तब से मनाया जाने लगा। पिछले 22 वर्षों में दुनिया में न्याय के क्षेत्र में तमाम बदलाव आए हैं। मानवता के खिलाफ दुनिया में चलाए जा रहे तमाम षड्यंत्रों को विफल करने में इस संस्था की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। इसकी स्थापना के पीछे नरसंहार, युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराधों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के निर्णयों का समर्थन करना भी है। 2010 में राज्य दलों की सभा ने संविधि की समीक्षा सम्मेलन में इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाने का निश्चय किया। दुनिया के तमाम देश इसे मनाते हैं। पीड़ितों के अधिकारों को बढ़ावा देना इस दिवस के मनाने की खास वजह रही है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक कानून, न्यायपूर्ण और निष्पक्ष समाज की जरूरत आज विश्व समाज की सबसे बड़ी जरूरत है। एक सर्व सहमति से समझ बनाने की जरूरत है जो आतंक, नरसंहार और गैर इंसानी गतिविधियों के शिकार हो हलाकानी झेलने के लिए अभिशप्त हैं। विश्व समाज आज डर के माहौल में जीने के लिए मजबूर है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कोशिशों की भूमिका खास मायने रखती है। विश्व सामाजिक न्याय दिवस हमें हर साल अधिक न्यायपूर्ण, अधिक समतापूर्ण समाज बनाने की जरूरत को याद दिलाता है। समाज को समर्थ बनाने की दिशा में इस दिवस की महत्ता खास है, साथ ही समाज से असमानता, भेदभाव और अन्याय के खिलाफ खड़ा होने के लिए तैयार होना भी है। आज जरूरी है कि विश्व समाज में सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय, राजनीतिक न्याय और कानूनी न्याय बगैर भेदभाव सभी को न्याय मिले। यह आज की सबसे बड़ी चुनौती है। विधि क्षेत्र में न्याय के जिन चार प्रकारों की बात की जाती है उनमें वितरणात्मक (यह निर्धारित करना कि किसे न्याय मिलता है) प्रक्रियात्मक न्याय (यह निर्धारिक तरना कि लोगं के साथ कितना निष्पक्ष व्यवहार किया जाता है) प्रतिशोधात्मक न्याय ( गलत काम करने पर दंड के आधार पर) और पुनर्स्थापनात्मक (जो रिश्तों को सही बनाने की कोशिश करता है) इन चार तरह के न्यायों को समझना और दूसरों को इनके प्रति जागरूक करना भी इस दिवस का एक हिस्सा है। विकासशील देशों में ही अन्याय के मामले ज्यादा नहीं हैं, बल्कि विकसित देशों में अन्याय से पीड़ित लाखों की तादाद में लोग हैं। भारत में करोड़ों की तादाद में न्यायालयों में मुकदमे लम्बित हैं। करोड़ों मुकदमों का फैसला तब आता है जब वादी या प्रतिवादी इस दुनिया से रुख्सत हो चुके होते हैं। बगैर भेदभाव के न्याय दिलवाने और समय से दिलवाने के लिए विश्व स्तर पर सामूहिक प्रयास तो होने ही चाहिए। संविधि में शामिल सभी देशों को एक मत से इस पर गौर करना चाहिए की सभी को बगैर समय पर न्याय मिले। इससे इस दिवस का महत्व और बढ़ भी जाएगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अनियंत्रित यातायात

राजधानी के संतोषीनगर चौक पर हर दिन यातायात अनियंत्रित हो जाता है। ओवरब्रिज के पास हमेशा जाम की स्थिति रहती है। ऐसे में लोगों को रास्ता पार करना मुश्किल हो जाता है। संतोषीनगर बाजार से ओवरब्रिज के बीच ट्रकें रास्ते को रोकती है। ऐसे में वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं। बारिश के दिनों में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। ऐसे में यह रास्ता काफी मुश्किलभरा है।

*- राजेंद्र कुमार*

## ट्रेंड

### भारतीय भाषा को बढ़ावा देना



प्रत्येक भारतीय भाषा को बढ़ावा देना, संरक्षित करना, लोकप्रिय बनाना और समृद्ध करना नई शिक्षा नीति की प्राथमिकता है। भारतीय भाषाओं में लेखन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का इंतजार करें।

**-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री**

### बाइडेन सही कह रहे



राष्ट्रपति बाइडेन बिल्कुल सही कह रहे हैं, कि इस तरह की हिंसा के लिए अमेरिका में कोई जगह नहीं है। एक देश के रूप में हम हर बात पर सहमत नहीं हो सकते हैं, लेकिन हमें उस पर सहमत होने में सक्षम होना चाहिए।

**-बराक ओबामा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति**

### जम्मू कश्मीर की स्थिति



जम्मू कश्मीर में फिर से आतंकी मुठभेड़ में हमारे जवान शहीद हो गए। शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों को गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। एक के बाद एक ऐसी भयानक घटनाएं चिंताजनक है। ये आतंकी हमले जम्मू कश्मीर की स्थिति बयान कर रहे हैं।

**-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**

### दयालु नेताओं की जरूरत




क्या करुणा, सहानुभूति, दयालुता या परोपकार के समान है? ये शब्द अक्सर एक दूसरे के स्थान पर उपयोग किए जाते हैं, लेकिन क्या ये वास्तव में पर्यायवाची हैं? मेरा दृष्टिकोण है कि करुणा का क्या अर्थ है और क्यों पहले से अधिक दयालु नेताओं की आवश्यकता है

**-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता**

## करंट अफेयर

# 16 लाख बच्चों ने 2023 में नहीं ली टीके की एक भी खुराक



भारत में 2023 में करीब 16 लाख बच्चों को टीके की एक भी खुराक नहीं मिली। इस क्रम में भारत का स्थान दूसरा है जबकि पहले स्थान पर नाइजीरिया है जहां 21 लाख बच्चों को इसी अवधि के दौरान टीके की एक भी खुराक नहीं मिली। भारत की रैंकिंग में हालांकि 2021 की तुलना में सुधार हुआ है, जब देश में वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक 27 .3 लाख बच्चों को टीके की एक भी खुराक नहीं मिली थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ द्वारा सोमवार को संयुक्त रूप से प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, 2023 में नाइजीरिया में शून्य खुराक वाले बच्चों की संख्या सबसे अधिक 21 लाख थी। भारत के बाद अन्य देश इथियोपिया, कांगो, सूडान और इंडोनेशिया हैं। इस श्रेणी में शीर्ष 20 देशों में चीन 18वें स्थान पर है, जबकि पाकिस्तान 10वें स्थान पर है। टीकाकरण एजेंडा 2030 (आईए2030) के संदर्भ में, 2021 में शून्य खुराक वाले बच्चों की संख्या के आधार पर, बीस देशों को प्राथमिकता दी गई। दक्षिण एशिया क्षेत्र (रोसा) के लिए संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार, शून्य खुराक वाले बच्चों की संख्या के आधार पर रैंक किए गए देशों में, 2021-2023 में भारत 1,592,000 शून्य खुराक वाले बच्चों के साथ आठ देशों में से पहले स्थान पर है।

## ऑफ बीट

# रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची



भारत ने 346 सैन्य हार्डवेयर की एक नयी सूची की घोषणा की जिसमें रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण प्रणालियां और हथियार शामिल हैं। इन्हें एक निश्चित समय-सीमा के भीतर उनके आयात पर प्रतिबंध लागू होने के बाद केवल सरकार द्वारा संचालित घरेलू निर्माण इकाइयों से ही खरीदा जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि घरेलू रक्षा उद्योगों को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत पिछले तीन वर्ष में 12,300 से अधिक वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया जा चुका है। मंत्रालय ने कहा कि 346 वस्तुओं वाली पांचवीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची को अधिसूचित किया गया है और इन वस्तुओं का उत्पादन रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों (डीपीएसयू) द्वारा किया जाएगा। बयान में कहा गया है, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और डीपीएसयू द्वारा आयात को न्यूनतम करने के लिए रक्षा उत्पादन विभाग ने 346 वस्तुओं वाली पांचवीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) को अधिसूचित किया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इससे अर्थव्यवस्था में वृद्धि को गति मिलेगी, रक्षा में निवेश बढ़ेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




- 32 का अस्पताल में हो रहा उपचार
- साढ़े 7 साल में मच्छरों ने ली 79 छात्राओं की जान

### इतनी हुई मौत

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक मच्छर काटने से बस्तर जिले में वर्ष 2017 में 22, वर्ष 2018 में 8, वर्ष 2019 में 5, वर्ष 2020 में 6, वर्ष 2021 में 5, वर्ष 2022 में 7, वर्ष 2023 में 7 एवं वर्ष 2024 में अब तक 2 की मौत हुई है। बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित जिले में 103 पोटोकेबिन और आश्रम छात्रावास हैं। वर्ष 2020 से 2024 तक स्वास्थ्य परीक्षण में 34529 लोग मलेरिया पॉजिटिव मिले और मच्छरों के काटने से 15 लोगों की मौत हुई है। जिसमें वर्ष 2022 में 7, वर्ष 2023 में 6 एवं वर्ष 2024 में अब तक 2 की मौत हुई है।

# मलेरिया पर एक्शन में सरकार

## तीन दिन में 10000 से ज्यादा बच्चों की जांच, 622 मिले बीमार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

मलेरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सरकार एक्शन मोड पर है। बीजापुर में बीते तीन दिनों में आश्रम छात्रावास के 10808 बच्चों की मलेरिया जांच की गई है। यहां अभी 622 बच्चे बीमार हैं। 32 बच्चों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। यहां यह बताना लाजिमी है कि बीते साढ़े सात साल में मलेरिया से बस्तर जिले में 623, बीजापुर में 15, नारायणपुर एवं कोंडागांव जिले में एक-एक छात्रा की मलेरिया से मौत हो चुकी है।

हरिभूमि फॉलोअप

बीजापुर जिले के पोटाकेबिन में दो बच्चों की हाल ही में मलेरिया से मौत होने पर स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ग्रामीणों के साथ-साथ छात्रावासों के बच्चों, शिक्षक, शिक्षिकाओं की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। बीजापुर ब्लॉक में पोटाकेबिन और आश्रम छात्रावास 49 में 4766 बच्चों की मलेरिया जांच में से 28 भर्ती हैं। जानकारी के अनुसार भैरमगढ़ ब्लॉक के ▸▸ शेष पेज 6 पर



### बीमार बच्चों का करें उपचार

सातों जिले के सीएमएचओ को निर्देश दिया है कि वे पोटाकेबिन और आश्रम छात्रावास सहित ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच करें। वहीं बीमार बच्चों का बेहतर उपचार करें, ताकि मलेरिया, डेंगू से लोगों की मौत न हो सके। प्रभावित इलाकों में लगातार निगरानी रखी जा रही है।

- डॉ. केके नाग
संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं बस्तर संभाग

---

## खबर संक्षेप

### 4100 तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना

**जम्मू।** भारी सुरक्षा इंतजाम के बीच 4,100 से अधिक तीर्थयात्रियों का 19वां जत्था तड़के अमरनाथ यात्रा में शामिल होने के वास्ते कश्मीर के दो आधार शिविरों के लिए जम्मू से रवाना हुआ।



भगवती नगर आधार शिविर से सीआरपीएफ की कड़ी सुरक्षा के बीच यह जत्था 151 वाहनों में सवार होकर बालटाल और पहलगाम आधार शिविरों के लिए सुबह रवाना हुआ।

### जम्मू-कश्मीर में दुर्घटना में तीन पर्यटकों की मौत

**श्रीनगर।** श्रीनगर-करगिल राजमार्ग के ज़ोजिला संपर्क मार्ग पर सड़क हादसे में दो महिलाओं समेत तीन सैलानियों की मंगलवार को मौत हो गई।



पुलिस ने बताया, ज़ोजिला संपर्क मार्ग पर एक वाहन खाई में गिर गया, जिससे तीन पर्यटकों की मौत हो गई और एक शख्स जख्मी हो गया। मृतकों में दो महिलाएं हैं जबकि एक नाबालिग को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है।

### बस और ट्रैक्टर की टक्कर में पांच की मौत, 42 घायल

**मुंबई।** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस के ट्रैक्टर से टकरा जाने के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 42 अन्य घायल हो गए।



बस में 54 'वारकरी' (भगवान विट्ठल के भक्त) सवार थे जो मुंबई के पास ठाणे जिले में अपने गृहनगर डोंबिवली से आषाढ़ी एकादशी समारोह में हिस्सा लेने के लिए पंढरपुर जा रहे थे।

### शिक्षा मित्र समेत तीन की डूबने से मौत

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान एक शिक्षा मित्र समेत तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई।



एक अज्ञात युवक का शव पहाड़ी नाले से मिला। जिले के सादुल्लाह नगर क्षेत्र के किशुनपुर गांव निवासी फूलचंद के बेटे राज (12) की सोमवार को एक तालाब में डूबने से मौत हो गई।

### मथुरा में मुड़िया पूर्णिमा मेला का होगा सीधा प्रसारण

**मथुरा।** मथुरा जिले में आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर गोवर्धन कस्बे में लगने वाले 'मुड़िया पूर्णिमा' मेला और शोभायात्रा का सीधा प्रसारण होगा।



गोवर्धन स्थित गौड़ीय सम्प्रदाय की श्रीपाद् रघुनाथ दास गद्दी के महंत गोपाल दास ने यह जानकारी दी। श्रद्धालुओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

---

### नीट-यूजी का पेपर लीक मामला, एक्शन में सीबीआई, अब तक 14 धरे गए

# एनटीए के बॉक्स से उड़ाया गया था नीट का पेपर, इंजीनियर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली/पटना

नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बड़ी सफलता हासिल की है। जांच एजेंसी ने मंगलवार को इस मामले से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान पंकज कुमार और राजू सिंह के तौर पर हुई है। पंकज कुमार पटना का है, जबकि राजू सिंह झारखंड के हजारीबाग का है। सीबीआई सूत्रों के अनुसार दोनों की पेपर को चुराने और फिर पेपर लीक कर पैसे कमाने में संलिप्तता पाई गई है।

सीबीआई ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जमशेदपुर के 2017 बैच के सिविल इंजीनियर पंकज कुमार उर्फ आदित्य को गिरफ्तार किया है, जिसने हजारीबाग में एनटीए ट्रंक से नीट-यूजी पेपर चुराया था। बोकारो निवासी पंकज कुमार को पटना से गिरफ्तार किया गया। सीबीआई ने राजू सिंह नाम के एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है जिसने कथित तौर पर कुमार को प्रश्नपत्र चुराने और गिरोह के अन्य सदस्यों को देने में मदद की थी। सिंह को हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही एजेंसी ने छह प्राथमिकी दर्ज की हैं। बिहार में दर्ज प्राथमिकी प्रश्नपत्र लीक होने से संबंधित है, जबकि गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र में दर्ज शेष प्राथमिकी अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा देने और धोखाधड़ी से ▸▸ शेष पेज 6 पर

*सीबीआई ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में मुख्य आरोपी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी सिविल इंजीनियर ने झारखंड के हजारीबाग में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के बॉक्स से कथित तौर पर पेपर चुराया था। इसके बाद पेपर लीक हुआ। नीट मामले में अब तक 14 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है।*

### हजारीबाग से चौथी गिरफ्तारी

नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में हजारीबाग से चौथी गिरफ्तारी हुई है। सीबीआई की टीम ने सोमवार को हिरासत में लिए गए रामनगर कदमा निवासी राजकुमार सिंह उर्फ राजू को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही रामनगर स्थित राज गेस्ट हाउस को सील कर दिया गया है। सीबीआई ने केस नंबर का हवाला देते हुए जांच तक गेस्ट हाउस को सील किए जाने की सूचना भी चिपका दी है। गिरफ्तार आरोपित को सीबीआई की टीम पटना ले गई है। जहां अन्य संदिग्ध आरोपितों के साथ आमने-सामने बैठाकर राजकुमार सिंह से पूछताछ की जा सकती है।

### खास बातें

- सिविल इंजीनियर पंकज ने हजारीबाग से चुराया था पेपर
- राजू सिंह ने पेपर चुराने और प्रसारित करने में मदद की



### पहले रॉकी को किया था गिरफ्तार


इनसे पहले नीट पेपर लीक मामले में बिहार से सीबीआई ने आरोपित राकेश कुमार उर्फ रॉकी को गिरफ्तार किया था और उसकी गिरफ्तारी से हजारीबाग का लिंक तलाशने में जुटी हुई थी। जांच में इस बात का पता चला था कि रॉकी ने ही प्रश्न पत्र सॉल्वर गैंग को भेजे गए थे। परीक्षा के पहले रॉकी ओएसिस स्कूल के प्राचार्य एहसानुल हक व उप प्राचार्य इम्तियाज आलम के संपर्क में था। हजारीबाग से गिरफ्तार तीन आरोपितों ने पूछताछ के दौरान ही संभवत इसकी जानकारी दी थी। इस कारण रॉकी की गिरफ्तारी के लिए सीबीआई की टीम ने हजारीबाग में डेरा डाला हुआ था।

### सीबीआई ने गेस्ट हाउस में की छानबीन

*जानकारी के मुताबिक तीन सदस्यीय सीबीआई की टीम राजकुमार सिंह की गिरफ्तारी के पहले गेस्ट हाउस में छानबीन करने भी पहुंची थी। इस दौरान एक-एक कमरे की तलाशी ली गई। गेस्ट हाउस के बड़ी मात्रा में दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं, जिसे सीबीआई की टीम अपने साथ ले गई है।*

---

# सरकार ने 21 को बुलाई सर्वदलीय बैठक, टीएमसी नहीं होगी शामिल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने अगले सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून सत्र से पहले 21 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसद का मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होने वाला है और यह 12 अगस्त तक प्रस्तावित है। बजट 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्रालय के बयान में कहा गया, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू संसद के बजट सत्र से पहले संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। यह सर्वदलीय बैठक 21 जुलाई, 2024 को सुबह 11 बजे संसदीय सौध स्थित मुख्य समिति कक्ष में आयोजित की जाएगी।

**22 से सत्र 23 को पेश होगा बजट**

### इसलिए शामिल नहीं होगी तृणमूल कांग्रेस

तृणमूल कांग्रेस 21 जुलाई को उन 13 कांग्रेस समर्थकों की याद में शहीद दिवस मनाती है, जो 1993 में राज्य सचिवालय राइटर्स बिल्डिंग तक मार्च निकाले जाने के दौरान कोलकाता पुलिस द्वारा की गयी गोलीबारी में मारे गए थे। ममता बनर्जी उस समय कांग्रेस की युवा शाखा की प्रदेश इकाई की अध्यक्ष थीं। उन्होंने 1 जनवरी, 1998 को तृणमूल कांग्रेस के गठन के बाद भी हर साल शहीद दिवस मनाना जारी रखा। इस दिन वह एक रैली को भी संबोधित करती हैं।

### पिछले सत्र में बाधित हुई थी कार्यवाही

18वीं लोकसभा के गठन के बाद पहले संसद सत्र में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' यानी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस' ने हाल ही में नीट विवाद, मणिपुर की स्थिति और महंगाई जैसे मुद्दों को उठाया था और नारेबाजी व शोरगुल के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित हुई थी। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब के दौरान दोनों सदनों में विरोध प्रदर्शन भी हुए थे। लोकसभा में प्रधानमंत्री के जवाब के दौरान विपक्षी सांसदों ने मणिपुर पर बयान देने की मांग करते हुए नारेबाजी की जबकि राज्यसभा में विपक्ष ने बहिर्गमन किया था।

---

**एकेडमी ने वापस बुलाया**

# ट्रेनी आईएएस पूजा के खिलाफ बड़ा एक्शन, ट्रेनिंग पर रोक



एजेंसी ▸▸ मुंबई

ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के खिलाफ बड़ा ऐक्शन लिया गया है। महाराष्ट्र में चल रही उनकी ट्रेनिंग रद्द कर दी गई है। मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी की ओर से जारी एक पत्र में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि पूजा दिलीप खेडकर के जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम को रोकने का फैसला हुआ है। साथ ही, आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए उन्हें तुरंत वापस बुलाया गया है। एलबीएसएनएए की ओर से 16 जुलाई को एक आधिकारिक नोटिस जारी हुआ। इसके अनुसार, पूजा खेडकर फिलहाल महाराष्ट्र के वाशिम में सुपर न्यूमेरी असिस्टेंट कलेक्टर के पद पर हैं। राज्य में उन्हें उनके प्रशिक्षण कर्तव्यों से मुक्त किया जाता है। साथ ही, खेडकर को 23 जुलाई से पहले अकादमी में वापस रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है।

### पूजा खेडकर ने पहले की ये नौकरियां

34 साल की पूजा खेडकर आईएएस बनने से पहले नवंबर 2021 में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की असिस्टेंट डायरेक्टर बनी थीं, हालांकि इसके बाद जब वह 2022 में आईएएस में चयनित हुई तो वह ट्रेनिंग के लिए मसूरी गई। इसके बाद उन्हें पुणे में प्रशिक्षु आईएएस के तौर पर तैनाती दी गई थी। पूजा खेडकर के पिता महाराष्ट्र सरकार में अधिकारी रह चुके हैं। अब वह राजनीति में सक्रिय हैं। 2024 लोकसभा चुनावों में वह प्रकाश आंबेडकर की अगुवाई वाली वंचित बहुजन आघाडी से चुनाव भी लड़े थे। तब उन्होंने अपनी 40 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की थी। पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर भालगांव की सरपंच रह चुकी हैं। पूजा खेडकर का एक भाई है जो लंदन में पढ़ता है, हालांकि पूजा खेडकर ने एक मॉक इंटरव्यू में दावा किया था वह अपने पिता से अलग मां के साथ रहती हैं। सरकारी दस्तावेजों में पूजा खेडकर ने अपना नाम पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर नाम दर्शाया है।

### मेडिकल सर्टिफिकेट्स की सत्यता की जांच

इस बीच, पुणे पुलिस पूजा खेडकर की ओर से दिए गए मेडिकल सर्टिफिकेट्स की सत्यता की जांच करेगी। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, हमें मुख्य आयुक्त दिव्यांगजन कार्यालय से एक पत्र मिला है। उन्होंने हमें पूजा खेडकर की ओर से प्रस्तुत प्रमाणपत्रों की जांच करने के लिए कहा है। हम इन सर्टिफिकेट्स के बारे में तथ्यों की जांच करेंगे कि उन्हें कहां से प्राप्त किया गया, किस डॉक्टर या अस्पताल ने उन्हें प्रमाणित किया।

---

# गोपनीय जांच के बाद कई महामंडलेश्वर सहित 13 संत अखाड़ा परिषद से निष्कासित

**नई दिल्ली।** संगम के तट पर आयोजित होने वाले महाकुंभ-2025 से पहले संत समाज से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने अखाड़े से 13 संतों और महामंडलेश्वरों को निष्कासित कर दिया है। बता दें कि अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद लगातार ऐसे साधु-संतों को चिह्नित करने में जुटा रहता है, जो धार्मिक कार्यों के बजाय धनार्जन और अन्य दूसरी गतिविधियों में लिप्त होते हैं। अखाड़ों की आंतरिक जांच में तमाम संत खरे नहीं उतर सके और यही वजह है कि 13 संतों पर कठोर कार्रवाई करते हुए उन्हें इस व्यवस्था से निष्कासित कर दिया गया है।

◆ निष्कासित किए गए संतों को नहीं मिलेगा 2025 में होने वाले महाकुंभ में प्रवेश



### जांच में किस तरह की गड़बड़ी सामने आई

अखाड़ा परिषद की जांच में निष्कासित किए गए अधिकांश संत धार्मिक अनुष्ठान, गुरुकुल की गतिविधियां बढ़ाने के बजाय धनार्जन में लिप्त मिले। इसके साथ ही कुछ संतों के आपराधिक लोगों से संबंध सामने आए। वहीं, जांच में यह भी पता चला कि कुछ महामंडलेश्वरों ने दूसरों को संन्यास दिलाकर महामंडलेश्वर बनाने के लिए पैसा लिया।

### 100 से ज्यादा और संतों से मांगा गया जवाब

अखाड़ा परिषद की आंतरिक जांच में इन संतों की कार्यप्रणाली सनातन धर्म और अखाड़े की रीति-नीति के विपरीत मिली थी। बताया जा रहा है कि जिन संतों पर कार्रवाई हुई है उनमें कुछ महामंडलेश्वर भी शामिल हैं। इसके अलावा 100 से ज्यादा संत ऐसे भी हैं जिन्हें नोटिस जारी करके 30 सितंबर तक जवाब देने को कहा गया है। अगर इन संतों की तरफ से संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है तो उन्हें भी अखाड़े से निष्कासित किया जा सकता है।

---

**क्षत-विक्षत हालत में मिली लाश**

# वीआईपी प्रमुख सहनी के पिता की घर पर हत्या

एजेंसी ▸▸ दरभंगा-पटना

विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की बिहार के दरभंगा जिले में उनके पैतृक घर पर मंगलवार को चाकू मार कर कथित तौर पर हत्या कर दी गई। एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि जीतन सहनी के शरीर पर चाकू से वार किए जाने के कई निशान हैं।



### मेज पर मिले तीन खाली गिलास

एसएसपी ने कहा कि वारदात वाले कमरे में एक मेज पर रखे तीन खाली गिलास भी बरामद किए हैं। पुलिस लूटपाट, रंजिश सहित विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटना स्थल पर विधि-विज्ञान प्रयोगशाला के दल और श्वान दस्ते की मदद से विभिन्न पहलुओं की जांच की जा रही है।

---

## हाईकोर्ट ने दो आरोपियों की सजा को बरकरार रखा

# डॉक्टर द्वारा फिट मरीज का मृत्यु पूर्व बयान होगा मान्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने हत्या के एक मामले में दो आरोपियों की सजा को बरकरार रखा है। हाईकोर्ट ने फैसले में कहा कि डॉक्टर द्वारा मरीज को बयान देने के लिए फिट घोषित करने के बाद कार्यकारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में दर्ज मृत्यु पूर्व बयान को साक्ष्य के रूप में माना जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रवींद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने 15 जुलाई 2024 को सुनाए गए अपने फैसले में दोनों ▸▸ शेष पेज 6 पर

खास खबर

### रिकॉर्ड पर पर्याप्त सबूत उपलब्ध

हाईकोर्ट ने आरोपियों और बचाव पक्ष की दलीलों को खारिज करते हुए कहा है कि "यह मानने के लिए रिकॉर्ड पर पर्याप्त सबूत उपलब्ध हैं कि गीता यादव (मृतक) द्वारा मृत्युपूर्व कथन दिया गया है और उसका मृत्युपूर्व कथन सत्य और स्वैच्छिक है। इसके साथ ही पुष्टिकारक साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने कहा कि "मामले में आरोपी अजय वर्मा के ज्ञापन कथन के आधार पर मोबाइल फोन की जब्ती तथा अमनचंद रौतिया के ज्ञापन कथन के आधार पर घटनास्थल के निकट भवन से मिट्टी के



तेल की खाली बोतल, मृतक गंगा यादव की लाल चप्पल तथा घटनास्थल की सफाई में प्रयुक्त काली फुलशर्ट की जब्ती अभियोजन पक्ष के गवाहों के साक्ष्य से सिद्ध हुई है।"

### मजिस्ट्रेट और डाक्टर की मौजूदगी में बयान

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में मृत्यु पूर्व कथन पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। इसके मुताबिक "यदि मृत्यु पूर्व कथन कार्यकारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में दर्ज किया गया है, जिसके बाद डॉक्टर ने मरीज को बयान देने के लिए फिट माना है, तो उस पर भरोसा किया जा सकता है।" कोर्ट ने कहा है कि डॉ. दीपिका सिन्हा (गवाह-6) ने कार्यकारी मजिस्ट्रेट अंजलि शर्मा (गवाह-13) द्वारा कथन दर्ज किए जाने से पहले और बाद में पीड़िता को बयान देने के लिए फिट प्रमाणित किया ▸▸ शेष पेज 6 पर



### कंचनजंघा हादसा, जांच में कई स्तरों पर खामियां

**नई दिल्ली।** रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कहा है कि स्वचालित सिग्नल क्षेत्रों में ट्रेन परिचालन के प्रबंधन में कई स्तरों पर खामियों और लोको पायलट एवं स्टेशन मास्टर को 'उचित परामर्श नहीं' दिए जाने के कारण कंचनजंघा एक्सप्रेस दुर्घटना का होना तय ही था। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में 17 जून को एक मालगाड़ी के पीछे से टक्कर मारने के कारण सियालदह जाने वाली कंचनजंघा एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस दुर्घटना में मालगाड़ी के लोको पायलट समेत 10 लोगों की मौत हो गई थी।

चिनहारी
राम कुमार वर्मा

# रंजनदास जईसे गोपी बाजा बजाने वाला नई मिले




मूल रूप ले उड़ीसा के निवास आय रंजन दास ह। फेर वोकर रग रग में छत्तीसगढ़ के कला हा समाय हे। एक प्रकार ले वोकर साधु संत बरोबर एक जगा ले दूसर जगा घूमना होथे। कभू एक जगा नी थिराय। जादा करके हमर अंचल में ए कलाकार के घूमना होवत रीथे। छत्तीसगढ़ में रायपुर के दुधाधारी मठ मा आप मन ठहराव करथव। आप मन भजन गावत गोपी बाजा के वादन करथो। इंकर पुरखा मन हा ऐ बाजा ला बजात रिहिंन। ए बाजा ला गोइहा खाल, धवई लकड़ी के गोंद, बांस, लोहा के तार संग खूंटी के उपयोग ले बनाय जाथे। आप मन ब्रम्हानंद, सूरदास, मीरा बाई अऊ तुलसीदास के भजन गाथो। छत्तीसगढ़ में ए बाजा ला गतका अऊ टुनटूनी नाव ले जाने जाथे। बाजा ला बजाय मे टून टून के स्वर निकलथे। येकरे सेति येला टुंटुनी बाजा कहे जाथे। येला सियान कलाकार मन पहिली नाचा में बजावत रिहींन हे। बाजा हा बहुत हल्का होथे। कोनो जगा लाय लेगे मा आसानी होथे।आजकाल हमर अंचल में ए बाजा विलुप्त होगे हे, फेर दुसर राज बंगाल, महाराष्ट्र अऊ उड़ीसा में अलग अलग नाव ले देखे बर मिल जथे। आजकाल के लोग लइका मन गोपी बाजा कईसन होथे तेला नी जानय। गोपी बाजा के बजाने वाला घलाव नई दिखएं हमर राज मा।

लोक साहित्य
डा. सुशील त्रिवेदी

# साहित्य के नव जागरण काल में सप्रेजी का योगदान

पं. माधवराव सप्रेजी के योगदान को रेखांकित करने के लिए ऐतिहासिक और भौगोलिक कारणों में महत्वपूर्ण बात यह है कि उनके रचनाकर्म को प्रासंगिक और उल्लेखनीय कृतियों में न केवल स्वीकार किया गया है बल्कि उसे हिंदी नवजागरण काल को विशेष गति देने वाला माना गया है। इस काल में उनकी पत्रकारिता और लेखन का योगदान नए सिरे से परखा और सम्मानित किया गया है । यह बात स्मरण करने की बात है कि छत्तीसगढ़ मित्र के प्रथम अंक में ही सप्रेजी ने इस पत्रिका के प्रकाशन के उद्देश्य को स्पष्ट कर दिया था। उन्होंने यह बताया था कि इस पत्रिका का उद्देश्य हिंदी के प्रकाशित ग्रंथों की समालोचना करना, अन्य भाषा के साहित्य की विवेचना और विश्लेषण करना था। भिन्न भिन्न भाषाओं के श्रेष्ठ ग्रंथों का अनुवाद कर उसे हिंदी जगत में उपलब्ध कराना सप्रे जी का एक मुख्य लक्ष्य था। सप्रेजी ने अपने उद्देश्य की पूर्ति न होते देख लिखा कि, वे आर्थिक कठिनाइयों के कारण तीसरा उद्देश्य बिल्कुल ही पूरा नहीं कर सके। लेकिन छत्तीसगढ़ मित्र को समालोचना के लिए हिंदी की दुनिया में अकेले पत्र के रूप में सम्मान मिला।





## पुस्तक समीक्षा

# मां डिंडिनेश्वरी देवी की महिमा




कृति के नाव: मां डिंडिनेश्वरी देवी की महिमा
कृतिकार: डा. राजेश पाण्डेय
प्रकाशक: शिवम ऑफसेट बिलासपुर
पुस्तक समीक्षा: पूनम यादव
मूल्य: तीन सौ रुपए

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर अंचल में धार्मिक, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व के स्थलों में मल्हार का काफी महत्व है। मल्हार अपने अंदर कई साक्ष्य संजो कर रखा है। शासन के नक्शे में मल्हार के इन स्थलों को रेखांकित कर पर्यटन स्थल घोषित किया है। मल्हार निवासी राजेश जी इन स्थलों को शोध कर पुस्तक के रूप में जन समक्ष रखते हैं। यहां पर भी आपने मल्हार के बारे में विस्तृत जानकारी 16 खंडों में रखे हैं। जिसमें मल्हार महात्म्य, डिंडिनेश्वरी देवी की महिमा, मल्हार के पुरोधा, माता की चमत्कारी घटनाएं, माता मंदिरनिर्माण की कथा और माता की मूर्ति चोरी होने की घटना को विस्तार से रखा है। इन महत्वपूर्ण जानकारी से पाठकों तथा धार्मिक जनों को अवश्य लाभ मिलेगा।



लोकाभिव्यक्ति गांव के नामकरण की बात चलती है तो प्राचीन इतिहास को टटोला जाता है। कुछ गांवों के नामकरण संस्कार, संस्कृति, प्रकृति और वातावरण पर पड़ जाते हैं। व्याप्त परंपराएं धर्म, रीतिरिवाज, उत्सव, नृत्यगीत के साथ सुख दुख भी गांव के नामकरण में सहायक होते हैं।

# गांवों के नामकरण के पीछे होते हैं अनेक कारण




परंपराः जितेंद्र शर्मा

यदि बालोद जिले के वि ख गुरुर के गांवों का अवलोकन करें और देखें तो पता चलता है कि इस अंचल के गांव ठेकवा में मराठा काल में टकौली वसूल करने का ठेका लिया जाता था। इसी ठेका से गांव ठेकवा बन गया। डीह यानी समूह। यहीं नजदीक के गांव का नाम है बोहारडी। बहुत पहले इस गांव को बोहरडीह कहा जाता था। इसका कारण यह था कि गांव में बोहार भाजी की अधिकता थी, जिसे आसपास के गांवों में भी बेची जाती थी। यहां डीह के किनारे अमरूद के बगीचे थे। ठेकवा के बुढ़वा पीपल से लेकर अंखराभाठा तक अंखरा की दौड़ होती थी।

अंखरा यानी युद्ध के दांव पेंच। यही अखाड़ा विद्या कहलाती थी। छत्तीसगढ़ के लोक जीवन में शस्त्र पूजा की जाती थी। शस्त्र को खड़ग कहकर परिभाषित किया गया है इसे खड़ई कहते हैं। अंखरा विद्या के खड़ग फरी, फुलेल या फुलेता कहलाते हैं। जिसे पूजा अर्चना, सार्वजनिक प्रदर्शन और संचालन किया जाता रहा है।गोंडवाना काल में यह विद्या प्रचलित थी। इसलिए गांव का नाम रख दिया गया, अंखराभांठा। अब इस गांव का नाम मुजगहन हो गया है। इसी तरह इस अंचल में खैरवाही, खुंदना, दियाबाती, धनेली, श्यामतराई, बागतराई, पिकरीपार, डोटोपार, गोटाटोला, बालोदगहन जैसे अनेक गांव के नाम के पीछे कई रहस्य को समेटे हुए हैं।

भैसादरहा जगदलपुर से 65 किमी की दूरी पर स्थित है। कांगेर नदी गहरी घाटियों से भरी हुई है, इसलिए दरहा (पानी के कुंड) पानी की बहुत ही स्वच्छ गुणवत्ता बनाए रखते हैं। इन दरहों में मुख्य रूप से मगरमच्छ पाए जाते हैं।

# जगदलपुर अंचल में मजा लें बरसात में भैसादरहा



पर्यटनः विश्वनाथ देवांगन

भैसादरहा जलप्रपात कांगेरवैली से पहले तीन सौ फीट ऊंचे और विश्वविख्यात कोटमसर गुफा के निकट यह जलप्रपात को देखा जा सकता है। इस स्थान पर जलधारा शांत होकर ठहरा सा प्रतीत होता है। झील के एक छोर से 15-20 मीटर चौड़ी नहर की तरह झुरमुट और चट्टानों से टकराकर बहने लगता है। इस स्थान के आसपास घना जंगल होने के कारण नजदीक के व्यक्ति को कभी कभी खोज पाना मुश्किल हो जाता है।

ऐतिहासिक
डा. रमेंद्रनाथ मिश्र

# इतिहास में भैना ठाकुरों का शासनकाल



भैना ठाकुरों का उल्लेख रतनपुर नरेश जाजल्यदेव के शासन काल में दिखाई पड़ता है। भैना कुल के महान वीर सेनापति जगतसाय ने पश्चिम उड़ीसा के सोमवंशी राज्यों को पराजित करने का बीड़ा उठाया। अंततः जाजल्यदेव ने सोमवंशीय राजा कर्ण केशरी देव को पराजित कर दिया। कालांतर में संवत 1177 को बस्तर राजा के सेनापति त्रिभुवन देव ने रतनपुर सेनापति भैना ठाकुर जगतपाल की राजधानी परमगढ़ पर आक्रमण कर दिया। महानदी के तट पर भीषण युद्ध हुआ। जगतपाल और जगतसाय ने मिलकर बस्तर की सेना को परास्त कर दिया। इसके उपरांत भैना ठाकुर जगतसाय ने मिलकर बस्तर सेना को परास्त कर दिया। इसके उपरांत भैना ठाकुर जगतसाय ने धमतरी, बिलासपुर, पेंड्रा और बिलाईगढ़ आदि राज्यों पर अपने विश्वस्तों को रतनपुर के अधीन मांडलिक राजा बनवा दिया। इन्होंने कई पीढ़ी तक राजत्व किया था। इस प्रकार भैना ठाकुरों ने अपनी शक्ति का विस्तार करते हुए तत्कालीन परिवेश में अनेक कीलों का निर्माण कराए, जिनके अवशेष अंचल के अनेक हिस्सों में देखा जा सकता है।

कला जगत
डा. विजय चौरसिया

# बारात बिदाई में होता है बैगाओं का बिलमा नृत्य

बिलमा का शाब्दिक अर्थ है बिरह या बिछोह। इस नृत्य में स्त्री पुरुष दोनों मिलकर नाचते हैं। नृत्य के दौरान गीतों पर परस्पर कोमल भावों का आदान प्रदान होता है। यह सामूहिक नृत्य है किंतु इसकी विशेषता यह है कि यह नृत्य ग्रामीणों में ही अधिकतर देखी जाती है।

छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचलों में बिलमा नृत्य बैगाओ का वैवाहिक एवम सामाजिक नृत्य होता है। यह नृत्य नवम्बर से लेकर जनवरी के अंत तक चलता है। गांव में बारात बिदाई में युवक युवतियां यह नृत्य करती हैं। बैगा ग्रामों में इस नृत्य की धूम रहती है। बिलमा का शाब्दिक अर्थ है बिरह या बिछोह। इस नृत्य में स्त्री पुरुष दोनों मिलकर नाचते हैं। नृत्य के दौरान गीतों पर परस्पर कोमल भावों का आदान प्रदान होता है। यह सामूहिक नृत्य है किंतु इसकी विशेषता यह है कि यह नृत्य ग्रामीणों में ही अधिकतर देखी जाती है। एक गांव का नर्तक दल दूसरे गांव में जाता है जिसका स्वागत दूसरे गांव का नर्तक दल करता है। नृत्य के समय एक गांव का पुरूष दल दूसरे गांव के स्त्री दल के साथ परस्पर आबद्ध होकर नृत्य करता है।

बिलमा नृत्य का नर्तक बैगा युवक दूल्हे के समान सजा रहता है। वह कमर में लहंगा और पूरी आस्तीन का सलूखा तथा उसके उप्पर काली जाकेट, सिर पर चाकनुमा पगड़ी उसमें मोर पंख की आकर्षक कलगी, गले में नकली मूंगा तथा मोतियों की माला पहनते हैं। इसी प्रकार नर्तकी की वेशभूषा भी आकर्षक रहती है। वे भी दुल्हनों की तरह श्रृंगार करती हैं। नृत्य संगीत में वे सुर तालों में मांदर, टिमकी और बांसुरी के साथ बेहतर समायोजन माहौल को खुशनुमा बना देते हैं।



## खबर संक्षेप

### प्रतिभावान छात्रों का सम्मान समारोह 29 को

रायपुर। नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दसवीं कक्षा में अपने स्कूल में हिंदी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 29 जुलाई को 'स्व. टी. कृष्णवेणी स्मृति हिंदी श्रेष्ठ-सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन सभागार में शाम 4 बजे प्रारंभ होगा। संस्था के राजेंद्र ओझा ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित साहित्यकार अपनी लघुकथा, लघु व्यंग्य, कविता आदि का पाठ भी करेंगे। उन्होंने शहर के साहित्यकारों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध भी किया है।

### नया सवेरा समिति ने किया पौधारोपण

**रायपुर।** नया सवेरा जनकल्याण समिति रायपुर इकाई के सदस्यों ने 40 से 50 फलदार-छायादार पौधों का रोपण किया। समिति के सदस्यों ने बताया कि विश्व पर्यावरण संतुलन में अपना योगदान करते हुए फुंडहर एक्सप्रेस-वे, जो श्रीराम थोक सब्जी मंडी के पास रेलवे स्टेशन से राजिम रोड में जुड़ता है, में 40-50 पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह पूरे विश्व में पर्यावरण असंतुलन हो गया है। प्राकृतिक आपदाएं, वायु प्रदूषण के साथ शुद्ध ऑक्सीजन, फल मिलना मुश्किल हो गया है। हम सब प्रण करें कि एक पेड़ अपने पितृजनों की याद में जरूर लगाएं। पौधारोपण करने वालों में राजेंद्र साहू, राजा निर्मलकर, सुशील साहू, सेवक भाई, अमित गुप्ता, सुरेश भाई, गिरिश साटोने, चेतन साहू, विष्णु साहू आदि शामिल थे।

# महतारी वंदन पर गरमाई राजनीति, भूपेश बोले महिलाओं को नहीं मिल रही राशि, चौधरी का जवाब- मेरे गांव आकर देख लो

**सियासी विवाद में कूदे पूर्व मंत्री डहरिया भी, चौधरी का पलटवार, कांग्रेस ने 500 भी नहीं दिए**

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक महतारी वंदन योजना को लेकर राजनीति गरमाती दिख रही है। इसकी शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के एक ट्विट से हुई जब उन्होंने कहा- महतारी के नाम पर योजना शुरू की, फिर उस योजना में पैसा देने के लिए छत्तीसगढ़ की जनता से बिजली बिल के नाम पर वसूली शुरू की। जनता से वसूली करने के बाद भी महिलाओं को महतारी वंदन योजना की राशि क्यों नहीं मिल रही है? ये वसूलीबाज सरकार जवाब दे। इसके जवाब में वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपने गांव आने का आमंत्रण दिया है। उन्होंने कहा, 70 लाख माता बहनों को हर माह 1000 मिलने पर भूपेश बघेल के पेट में दर्द हो रहा है। उनके गांव




में जाकर यदि हाथ खड़े कराएंगे, तो कितनों का हाथ उठेगा, ये भूपेश बघेल खुद जाकर देख सकते हैं।

इस मामले को लेकर कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया भी कूद पड़े हैं। महतारी वंदन योजना को लेकर उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, जिन लोगों को महतारी वंदन की राशि जारी हो रही थी, उनकी सूची सरकार को जारी करनी चाहिए। डहरिया ने कहा, पहले चुनाव के समय सभी लोगों से फॉर्म भरवाए गए। चुनाव के समय तक बहुत सारे लोगों को राशि दी गई, उसके बाद अब आधे से ज्यादा लोगों का नाम काट दिया गया। गांव-गांव में यह शिकायत आ रही है कि पहले पैसा मिलता था, अब नहीं मिल रहा है।

**कांग्रेस ने 500 रुपए देने का वादा कर नहीं दिया**

महतारी वंदन योजना पर गरमाई राजनीति आरोप-प्रत्यारोप के बीच सरकार के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर भी हमले किए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने से पहले मैनिफेस्टो में महिलाओं को 500 हर महीने देने का वादा किया गया, पांच साल तक किसी को पांच रुपए तक नहीं दिए। हमारी सरकार में महिलाओं को 1000 प्रति महीने मिल रहा है। इसी क्रम में उन्होंने पीएससी घोटाले और रोजगार की बात भी जोड़ी। पीएससी घोटाले की जांच पर वित्तमंत्री ने कहा, कांग्रेस राज के दौरान पीएससी में माफिया राज चला, हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि भर्तियों में गड़बड़ियां समाप्त हो। हमने सीबीआई जांच का वादा किया, जांच की जा रही है। कांग्रेस सरकार की तुलना में आने वाले पांच सालों में कई गुना ज़्यादा भर्तियां होंगी।

## पिंगुआ की अध्यक्षता में कमेटी, सात सदस्य भी शामिल

# एससी-एसटी को आरक्षण में प्रमोशन, अब जुटाया जाएगा क्वांटिफायबल डाटा, एससीएस की अध्यक्षता में कमेटी

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य की सेवाओं में अनुसूचित जाति, जनजाति के शासकीय सेवकों को प्रमोशन में आरक्षण मामले को लेकर पिछली सरकार की गलतियों को सुधारने की प्रक्रिया अब शुरू हुई है। इस काम के लिए राज्य सरकार ने एससी-एसटी वर्ग के शासकीय सेवकों का क्वांटीफायबल डाटा (मात्रात्मक आंकड़े) जुटाने के लिए एससीएस की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया है।

**एसीएस पिंगुआ हैं अध्यक्ष**

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा गठित कमेटी में एसीएस मनोज कुमार पिंगुआ को अध्यक्ष बनाया गया है। इस कमेटी में सात अन्य सदस्य शामिल हैं। कमेटी के सदस्यों के नाम इस प्रकार हैं। अन्बलगन पी. सचिव सामान्य प्रशासन, नरेंद्र दुग्गा सचिव-आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग, चंदन कुमार विशेष सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, पीएस एल्मा (सदस्य सचिव) संचालक आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, डॉ. अनिल कुमार विरूलकर अनुसंधान सहायक अधिकारी, आदमि जाति तथा अनुसूचित जनजाति अनुसंधान एं प्रशिक्षण संस्थान, अमर दास अनुसंधान सहायक आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान।

**पूववर्ती सरकार ने नहीं किया था डाटा कलेक्शन**

यह कमेटी दरअसल इसलिए बनाई गई है, क्योंकि पिछली सरकार ने जब पदोन्नति में आरक्षण देने की अधिसूचना जारी की थी, उस समय राज्य के एससी एसटी वर्ग के शासकीय सेवकों का क्वांटिफायबल डाटा एकत्र नहीं किया गया था। बाद में जब यह मामला अदालत में गया, तब छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने प्रमोशन में आरक्षण पर बड़ा फैसला सुनाते हुए 2019 में जारी राज्य सरकार के आदेश को निरस्त कर दिया था।

इससे पहले कोर्ट ने राज्य द्वारा प्रमोशन में आरक्षण के लिए जारी अधिसूचना पर रोक लगाई थी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने फैसला देते हुए याचिका निराकृत की थी। कोर्ट ने फैसले में कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने आदेश को लागू करने में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के निर्देशों और संवैधानिक प्रावधान का पालन नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि प्रमोशन में आरक्षण देने के लिए हर विभाग से जातिगत डाटा एकत्रित कर केवल जिन्हें जरूरत है, उन्हीं एस-एसटी कर्मचारियों को इसका लाभ दिया जाना चाहिए, जबकि डाटा कलेक्ट करने का काम पूर्ववर्ती सरकार ने नहीं किया था।

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश और संवैधानिक प्रावधान का पालन नहीं**

प्रमोशन में आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व में ही फैसला दिया है कि राज्य एससी और एसटी कर्मचारियों को प्रमोशन में रिजर्वेशन देने से पहले मात्रात्मक डाटा जुटाने के लिए बाध्य हैं। बिना आंकड़े के नौकरियों में प्रमोशन में रिजर्वेशन नहीं दिया जा सकता है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा था कि प्रमोशन में रिजर्वेशन देने से पहले राज्य सरकारों को आंकड़ों के जरिए ये साबित करना होगा कि एससी-एसटी का प्रतिनिधित्व कम है। वहीं इस मामले पर समीक्षा अवधि केंद्र सरकार की ओर से निर्धारित की जानी चाहिए।

# प्रदेश के डीएड-बीएड प्रशिक्षित 22 को करेंगे विधानसभा घेराव

**33 हजार शिक्षकों की हो भर्ती, आरक्षित वर्ग को पांच फीसदी छूट की मांग**

हरिभूमि न्यूज : रायपुर।

छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड बीएड संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के डीएड बीएड प्रशिक्षित अपनी 2 सूत्रीय मांग को लेकर 22 जुलाई को विधानसभा का घेराव करेंगे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष दाउद खान ने कहा है कि बजट के दौरान विभागीय मंत्री ने प्रदेश में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती करने की घोषणा की थी, लेकिन आज तक उन पदों पर वित्तीय स्वीकृति नहीं मिली है। इन पदों पर जल्द भर्ती करने और आरक्षित वर्ग को इसमें 5 फीसदी छूट की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जायेगा।

प्रदेश के स्कूलों में रिक्त शिक्षक पदों पर भर्ती की मांग को लेकर पूरे छत्तीसगढ़ से डीएड बीएड प्रशिक्षित युवा राजधानी के नवा रायपुर स्थित तूता के धरना स्थल से 22 जुलाई को विधानसभा घेराव के लिए कूच करेंगे। प्रदेशव्यापी प्रदर्शन में बड़ी संख्या में डीएड-बीएड प्रशिक्षित विभिन्न जिलों से राजधानी रायपुर में जुटेंगे।

**5000 से ज्यादा स्कूल एकल शिक्षकीय**

छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड बीएड संघ पदाधिकारियों का कहना है, प्रदेश में 5 हजार से ज्यादा ऐसे स्कूल हैं, जो एकल शिक्षकीय व 700 से ज्यादा स्कूल शिक्षक विहीन हैं। इस बात को लेकर हमने सभी विधायकों का ध्यान आकर्षित कराते हुए पत्र सौंपा है। प्रदेश में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत होने के साथ नई शिक्षा नीति को राज्य सरकार ने लागू करने का ऐलान किया है, लेकिन चिंता इस बात की है कि प्रदेश के स्कूलों में हजारों शिक्षकों के रिक्त पदों पर अब तक भर्ती नहीं की गई।

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय केल्हारी, जिला एम.सी.बी.(छ.ग.)**
AISHE code- C-65284. Email- kelharicollege2018@gmail.com

क्रमांक/62/स्था./2024-25 केल्हारी दिनांक 12/07/2024

**अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक हेतु विज्ञापन**

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा का आदेश क्र. 574/126/आउशि/राज.स्था./2024, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 06/07/ 2024 के आदेशानुसार अतिथि व्याख्याता नीति 2024 के अन्तर्गत महाविद्यालय में रिक्त सहायक प्राध्यापक पद के विरूद्ध अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक तथा योग्य उम्मीदवार दिनांक 22/07/2024 सायं 5:00 बजे तक पंजीकृत डाक से अथवा स्वयं महाविद्यालय के कार्यालय अवधि में उपस्थित होकर आवेदन जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। सम्पूर्ण योग्यता तथा चयन प्रक्रिया "अतिथि व्याख्याता नीति 2024" के परिपालन में किया जायेगा। "अतिथि व्याख्याता नीति-2024" का अध्ययन महाविद्यालय के सूचना पटल से किया जा सकता है।

अतिथि व्याख्याता के निम्न विषय हेतु आवेदन आमंत्रित है:-
1.रसायन शास्त्र-01, 2. समाजशास्त्र-01, 3. भूगोल-01, 4. वाणिज्य-02, योग-05

1. आवेदन सीलबंद लिफाफा में हो, लिफाफा के उपर संबंधित विषय का नाम एवं आवेदक का नाम, पता व मो.नं. स्पष्ट अक्षरों में लिखें। 2. ई-मेल से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय
केल्हारी, जिला एम.सी.बी. (छ.ग.)

**कार्यालय प्राचार्य (अग्रणी महाविद्यालय जिला एमसीबी) शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी (छ.ग)**
College Code- 3703
E-mail-vivekanandcollage 1973@gmail.com/vnpgcin@gmail.com
Website www.vnpge. in

पत्र क्रमांक / 293 / अ.व्या. विज्ञापन / 24 मनेन्द्रगढ़ दिनांक 14/07/2024

**अतिथि व्याख्याता एवं अन्य हेतु संक्षिप्त विज्ञापन**

शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के प्राध्यापक / सहायक प्राध्यापक, क्रीडा अधिकारी के रिक्त पदों के विरूद्ध अध्यापन / खेल-कूद व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता, अतिथि क्रीडा अधिकारी एवं अतिथि शिक्षण सहायक / क्रीडा सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदक अपने समस्त प्रमाणपत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 22.07.2024 को सायं 05:00 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। विस्तृत विज्ञापन संस्था के नोटिस बोर्ड, महाविद्यालय की वेबसाईट www.vnpgc.in से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

संस्था प्रमुख, शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़
जिला- मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी - भरतपुर

**कार्यालय प्राचार्य, नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**
स्थान :- शासकीय हाईस्कूल नई लेदरी जिला मनेन्द्रगढ़ - चिरमिरी - भरतपुर (छ.ग.)
E-Mail ID-pricipalofficeggc2023@gmail.com

पत्र क्रमांक/50/स्था./2024 **अतिथि व्याख्याता एवं अन्य हेतु संक्षिप्त विज्ञापन** नई लेदरी, दिनांक 15/07/2024

नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक, क्रीड़ा अधिकारी के रिक्त पदों के विरूद्ध अध्यापन/खेल-कूद व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता, अतिथि ग्रंथपाल, अतिथि क्रीड़ा अधिकारी एवं अतिथि शिक्षण सहायक/क्रीड़ा सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदक अपने समस्त प्रमाणपत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 22.07.2024 को सायं 05:00 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते प्रस्तुत कर सकते। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा। विस्तृत विज्ञापन संस्था के नोटिस बोर्ड, शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ की वेबसाईट www.vnpgc.in से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

संस्था प्रमुख
नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर
जिला-मनेन्द्रगढ–चिरमिरी-भरतपुर

# पीएम सूर्य योजना में पोर्टल की समस्या और वेंडरों का काम भी सुस्त, 35 सौ आवेदन में सोलर पैनल लगे महज 147 ही

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

सूर्योदय पीएम योजना के तहत अपने घर की छत पर बिजली का उत्पादन करने के लिए प्रदेश के बिजली उपभोक्ता भी रुचि दिखाने लगे हैं, लेकिन एक तरफ जहां पोर्टल की समस्या के कारण आवेदनों को लेकर परेशानी हो रही है, वहीं वेंडर भी तेज गति से काम नहीं कर पा रहे हैं। अब तक योजना में 35 सौ आवेदन आ गए हैं, लेकिन जहां तक उपभोक्ताओं की छतों पर सोलर पैनल लगाने का सवाल है, तो महज 147 घरों पर सोलर पैनल लगे हैं। इस योजना में देशभर के एक करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य है। छत्तीसगढ़ से इस योजना में करीब 25 हजार उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने की छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने योजना बनाई है। इस योजना में जुड़ने वालों को हर माह 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी।

**योजना में सोलर पैनल लगवाने वालों को मिलेगी 300 यूनिट बिजली मुफ्त**




अपने प्रदेश में भी में बिजली की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले साल रिकॉर्डतोड़ खपत के बाद अपने राज्य में इस साल भी गर्मी में खपत छह हजार मेगावाट के पार गई है। आने वाले समय में यह खपत सात हजार मेगावाट तक जा सकती है। मानसून में भी उमस के कारण बिजली ने खपत का रिकॉर्ड पिछले साल तोड़ने का काम किया। आमतौर पर अपने देश में बिजली की जितनी खपत है, उसकी तुलना में उत्पादन उतना नहीं हो पाता है। आने वाले समय में खपत में लगातार इजाफा भी होगा। ऐसे में उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर की तरफ ले जाने की योजना बनाई गई है। इस योजना का बड़ा लाभ उपभोक्ताओं को होने के साथ वे बिजली बेच भी सकेंगे।

**प्रदेश में 25 हजार का लक्ष्य**

अपने प्रदेश में 60 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ता हैं। इसमें से करीब 50 लाख घरेलू उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं में 47 लाख से ज्यादा उपभोक्ता ऐसे हैं जिनकी खपत महज 300 यूनिट की होती है। घरेलू उपभोक्ताओं में से 25 हजार उपभोक्ताओं को इस योजना से जोड़ने की तैयारी है। इस योजना में सबसे ज्यादा सात हजार उपभोक्ता रायपुर, छह हजार उपभोक्ता दुर्ग-भिलाई, छह हजार उपभोक्ता बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़ में तीन-तीन हजार उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने का लक्ष्य है।

**केंद्र-राज्य से अनुदान**

योजना में केंद्र और राज्य सरकार ने इसके लिए अनुदान भी तय किया है। इसमें केंद्र सरकार से जहां 1 से 2 किलोवाट के लिए 30 से 60 हजार और 3 किलोवॉट या इससे ज्यादा के लिए 78 हजार का अनुदान मिलेगा, वहीं राज्य सरकार से भी 15 से लेकर 45 हजार तक का अनुदान मिलेगा।

**सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड**
cmpdi
(कोल इण्डिया की एक अनुषंगी ईकाई)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची–834031, झारखंड, भारत

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/** संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, **www.cmpdi.co.in**), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर**

**उद्घोषणा**

क्रमांक / क/तह / वाचक / 2024 सकरी दिनांक 15/7/2024

रा.प्र.क्र./अ-19/2023-2024 ग्राम चिचिरदा, तहसील सकरी

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम चिचिरदा, प.ह.नं. 47 तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रभारी प्राचार्य, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम, आदर्श महाविद्यालय बिलासपुर के द्वारा आवेदन पत्र दिया है कि ग्राम चिचिरदा, प.ह.नं. 47, तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 358 रकबा 29.405 हे. मे से रकबा 20.00 एकड़ भूमि को महाविद्यालय का भवन, हास्टल, खेल का मैदान, ग्रंथालय कैन्टीन एवं कैम्पस के लिए मांग की गई है। उक्त भूमि को ग्राम के निस्तार पत्रक से पृथक करते हुए आवेदक को महाविद्यालय के उक्त कार्य के लिए आबंटित किया जाना है इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो वह अपना आपत्ति-दावा दिनांक 24.07.2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/7/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार सकरी

**कार्यालय नगर पालिका परिषद अकलतरा, जिला जांजगीर-चाम्पा छ.ग.**
E-mail ID: cmoakaltara@rediffmail.com

क्रमांक / 318 / लो.नि./न.पा.प./2024 अकलतरा, दिनांक 16/07/2024

**।। मैन्युअल पध्दति प्रथम निविदा सूचना ।।**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नगर पालिका परिषद अकलतरा में मैन्युअल पध्दति से निर्माण कार्य के लिए निविदा प्रपत्र 'A' में प्रभावशील PWD SOR 01.01.2015 द्वारा प्रतिशत दर (कम / बराबर / अधिक) शासकीय अनुदान मद अंतर्गत निविदाएं निर्धारित त्रि लिफाफा पध्दति में स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है:-

1. निविदा हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 09-08-2024 अपरान्ह 5.00 बजे।
2. आवेदन परीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 12-08-2024 अपरान्ह 5.00 बजे।
3. निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 14-08-2024 दोप. 2.00 बजे।
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 14-08-2024 अपरान्ह 4.00 बजे।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनु. ला. (लाख में) | अमा. राशि (टीडीआर) | नि. प्र. मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड 08 में परशुराम चौक निर्माण कार्य | 5.00 | 3750.00 | 750.00 | 1 माह |

टीप :- नियम एवं शर्ते कार्यालयीन दिवस / अवधि में संबंधित शाखा में देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद अकलतरा
जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल**
पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**// सर्व संबंधित को सूचना //**

भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ई.आई.ए. अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 (यथा संशोधित) के अंतर्गत सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि (1.) मेसर्स सेलूद लाईम स्टोन क्वारी (प्रो.- श्री श्याम शर्मा), खसरा क्रमांक-303/1, 304 एवं 307/1, लीज एरिया - 1.48 हेक्टेयर, खदान उत्खनन क्षमता- 6,206 टन प्रतिवर्ष, ग्राम- सेलूद, तहसील-पाटन, जिला-दुर्ग (2.) मेसर्स सेलूद लाईम स्टोन क्वारी (प्रो.- श्री हिमांशु बघेल), खसरा क्रमांक- 324/2, 325 एवं 326, लीज एरिया- 1.13 हेक्टेयर, खदान उत्खनन क्षमता- 6,000 टन प्रतिवर्ष, ग्राम- सेलूद, तहसील - पाटन, जिला-दुर्ग के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु संयुक्त लोक सुनवाई बाबत् मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर में आवेदन किया गया है। उक्त परियोजनाओं के संबंध में आपत्ति / सुझाव / विचार / टीका टिप्पणी, इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, 5/32 बंगला, भिलाई, जिला-दुर्ग के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। **इस परियोजनाओं के लिए संयुक्त लोक सुनवाई दिनांक 16/08/2024 को समय दोपहर 12:00 बजे, स्थान- शहीद ठाकुर राम नायक कला मंच हाईस्कूल परिसर, ग्राम- सेलूद, तहसील - पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में नियत की गई है।** यह भी सूचित हो कि :-

1. लोक सुनवाई के दौरान सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों को फिजिकल / सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य होगा।
2. लोक सुनवाई के दौरान सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों द्वारा मास्क का प्रयोग किया जावेगा तथा समय - समय पर सेनेटाईजर का प्रयोग किया जाना अनिवार्य होगा।
3. लोक सुनवाई स्थल पर सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों की बैठक व्यवस्था कम से कम 02 मीटर की दूरी रखना अनिवार्य होगा।
4. कोरोना वायरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशों का अक्षरश: पालन किया जाना अनीवार्य होगा।

ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14 सितम्बर 2006 (यथा- संशोधित) के अनुसार संबंधित व्यक्तियों के अवलोकन / पठन हेतु ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालक सार हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा तथा सी.डी. (साफ्ट कॉपी) डायरेक्टर, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली, क्षेत्रीय अधिकारी, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़, कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, दुर्ग, जिला-दुर्ग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, दुर्ग, जिला-दुर्ग, मुख्य महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र दुर्ग, जिला- दुर्ग, सरपंच / सचिव, ग्राम पंचायत- सेलूद, तहसील- पाटन, जिला-दुर्ग, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, 5/32 बंगला, भिलाई, जिला-दुर्ग एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर जिला - रायपुर में रखी गई है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)**
**कलेक्ट्रेट के सामने पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग बिलासपुर (छ.ग.)**
**(समक्ष पीठासीन अधिकारी यू.बी.एस. राठिया संयुक्त पंजीयक)**

प्रकरण क्रमांकः- अपंजीकृत

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी आवास संघ मर्यादित सी-191 टैगोर नगर व्यावसायिक परीक्षा मण्डल के पास रायपुर (छ.ग.) द्वारा चैतन्य देव वैष्णव विधि प्रभारी एवं प्रकरण प्रभारी छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी आवास संघ मर्यादित रायपुर (छ.ग.) .......अपीलार्थी

// विरुद्ध //

01. रोजलीन रामदास पिल्लई, उम्र 70 वर्ष (मृत) आत्मज श्री रामदास पिल्लई सेवानिवृत्त नर्सिंग सिस्टर विधिक प्रतिनिधि-दीपाली दास (पुत्री) निवासी- फेस 03, ब्लॉक बी/जी-01
02. रफीक मेमन, उम्र 40 वर्ष आत्मज- अब्दुल शकुर मेमन निवासी- फेस-03 ब्लॉक ए/एफ-4 निवासी- शैलेन्द्र अपार्टमेन्ट ओम नगर जरहाभाठा जिला बिलासपुर (छ.ग.)
03. आवासहीन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित अमेरी बिलासपुर, पंजीयन क्रमांक उपबि/70/90 तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.)
04. सेन्ट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड द्वारा- शाखा प्रबंधक सूर्या भवन मेन रोड जूना बिलासपुर (छ.ग.)
05. श्री मोहम्मद आरिफ, पी.टी.आई. आत्मज- नमालूम लाल बहादुर शास्त्री स्कूल बिलासपुर (छ.ग.)
06. श्री शंकर राव मेश्राम आत्मज नमालूम निवासी- मेन रोड मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)
07. सैम्युअल जेम्स आत्मज- श्री वालीस जेम्स तत्कालिक अध्यक्ष आवासहीन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित अमेरी निवासी- मंदिर चौंक जरहाभाठा बिलासपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.) ...... उत्तरवादी

अपीलार्थी द्वारा न्यायालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं बिलासपुर द्वारा प्रकरण क्रमांक 09/64/2007 में पारित आदेश दिनांक 20.11.2023 के विरुद्ध इस न्यायालय में छ.ग. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 78 (1) के अंतर्गत अपील प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में उत्तरवादीगण को सूचना पत्र/नोटिस की तामिली नहीं हो सकी है जिसके कारण प्रकरण में विलम्ब कारित हो रहा है। अतः इस समाचार पत्र के द्वारा आम सूचना प्रकाशित की जा रही है कि उपरोक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 21.08.2024 को समय 03:00 बजे नियत की गई है। पक्षकार इस न्यायालय में स्वयं अपना अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखते हुए कार्यवाही में भाग ले सकते हैं। अनुपस्थिति की स्थिति में न्यायालय द्वारा आगामी कार्यवाही कर दी जावेगी। यदि किसी कारणवश सुनवाई तिथि 21.08.2024 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी। यह आदेश आज दिनांक 10.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक :- **10.07.2024**
स्थान :- बिलासपुर। (मुहर) (पीठासीन अधिकारी)

# चाकू से किया हमला मोबाइल लूटकर भागे

**रायपुर।** खम्हारडीह थाना क्षेत्र के शंकर नगर में सोमवार तड़के बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक युवक की जांघ पर चाकू से वार कर मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया है।

पुलिस के मुताबिक, पेशे से ड्राइवर लोमेश कुमार ने लूट तथा चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। लोमेश ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को वह तड़के 5 बजे अपने रिश्तेदार के घर जा रहा था, आरोग्य अस्पताल के पास बदमाशों ने उसे रास्ते में रोककर मारपीट की और मोबाइल लूट लिया। भाग रहे एक बदमाश को लोमेश ने पकड़ने की कोशिश की। तब बदमाश ने उसकी जांघ पर चाकू से हमला कर दिया।

### बेटी बचाओ मंच ने किया पौधारोपण

रायपुर, बेटी बचाओ मंच टिकरापारा ने सरजूबांधा तालाब कब्रिस्तान के मैदान में पौधे रोपे, जिसमें आम, जामुन, आंवला, नीम, पीपल, नारियल सहित फूल व फलदार 31 पौधों का रोपण किया। मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया कि कब्रिस्तान में आने वालों की सुविधा के लिए फलदार, छायादार तथा खुशबूदार फूलों वाले बड़े पौधे लगाए गए।

**कार्यालय :- नगर पालिका परिषद् दल्ली राजहरा जिला बालोद (छ.ग.)**

क्रमांक /743 / लो.नि.वि./न.पा.प./2024-25 दल्लीराजहरा, दिनॉक 15.07.2024

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

Main Portal: :https://eproc.cgstate.gov.in

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित कार्य हेतु ऑनलाईन ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर नं. | अनुमानित लागत (लाख रू) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Community Building for Youth Welfare and Development (DMF fund) at ward no 22 dallirajhara | 156074 | 30.00 | 07.08.2024 |

टीप :- निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध मे विस्तृत जानकारी विभाग के वेबसाईड www.uad.cg.gov.in में भी देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा



## खबर संक्षेप



### घरेलू कच्चे तेल पर सरकार ने अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर 6,000 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 7,000 रुपये प्रति टन कर दिया है। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। इसके अलावा डीजल, पेट्रोल, विमान ईंधन (एटीएफ) पर एसएईडी को 'शून्य'' पर बरकरार रखा गया है। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि नई दरें 16 जुलाई से लागू होंगी। भारत ने पहली बार अप्रत्याशित लाभ पर कर एक जुलाई, 2022 को लगाया था।

### स्पाइसजेट का शेयर सात प्रतिशत से अधिक चढ़ा



**मुंबई।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट का शेयर मंगलवार को सात प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। बीएसई पर शेयर 7.35 प्रतिशत चढ़कर 60 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी के वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही का एकल मुनाफा छह गुना बढ़कर 119 करोड़ रुपये होने की जानकारी देने के एक दिन बाद शेयर में तेजी आई। 2023 की इसी तिमाही में कंपनी ने 16.85 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था।

### मस्क ने रोबोटैक्सी में विलंब की पुष्टि की



**डेट्रॉयट (अमेरिका)।** टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने बहुचर्चित रोबोटैक्सी के अनावरण में विलंब की पुष्टि की है। यह बहुचर्चित अनावरण कार्यक्रम आठ अगस्त को होने वाला था। मस्क ने आयोजन की कोई नई तारीख बताए बिना सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि उन्होंने वाहन के आगे के हिस्से के डिजाइन में बदलाव का अनुरोध किया है।

### मेकमाईट्रिप से एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मिलाया हाथ



**मुंबई।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस ने यात्रियों के लिए उड़ान, आवास और गाड़ियों की बुकिंग के लिए ऑनलाइन ट्रैवल फर्म मेकमाईट्रिप के साथ मिलकर साझा मंच 'एक्सप्रेस होलिडेज'' शुरू किया है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा कि मेकमाईट्रिप के साथ साझेदारी से यात्रियों की विभिन्न प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए कई तरह के आकर्षक पैकेज उपलब्ध कराए जा सकेंगे।

### जियो फाइनेंशियल का लाभ छह प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली।** रिलायंस समूह की कंपनी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ छह प्रतिशत घटकर 313 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 332 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। जियो फाइनेंशियल की कुल आय अप्रैल-जून अवधि में मामूली बढ़त के साथ 418 करोड़ रुपये हो गई जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 414 करोड़ रुपये थी।

# अकेले भारत में हो रहे बाकी दुनिया के बराबर डिजिटल पेमेंट



- 6 सालों में खुदरा डिजिटल पेमेंट में 100 फीसदी की तेजी आई
- देश धीरे-धीरे कैशलेस इकोनॉमी की ओर बढ़ रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीते कुछ सालों में भारत में लोगों के पेमेंट करने के तरीके में बड़ा बदलाव आया है। देश धीरे-धीरे कैशलेस इकोनॉमी की ओर बढ़ने लगा है। एक हालिया रिपोर्ट बताती है कि बीते 6 सालों में खुदरा डिजिटल पेमेंट में 100 फीसदी से ज्यादा की तेजी देखी गई है। साथ ही रिपोर्ट में अनुमान जाहिर किया गया है कि अगले 6 साल में देश में डिजिटल खुदरा पेमेंट में फिर 100 फीसदी की ग्रोथ आ सकती है। केर्नी और अमेजन पे की संयुक्त रिपोर्ट 'हाउ अर्बन इंडिया पेज' के हवाले से बताया है कि साल 2030 तक भारत में खुदरा डिजिटल पेमेंट मौजूदा स्तर की तुलना में डबल होकर 7 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बीते 6 सालों के दौरान यानी साल 2018 से 2024 तक देश में यूपीआई पेमेंट में 138 फीसदी की ग्रोथ आई है।

### 3.6 ट्रिलियन डॉलर के खुदरा भुगतान

*रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2017-18 में भारत में 300 बिलियन डॉलर के खुदरा भुगतान डिजिटल तरीके से किए जा रहे थे। उनकी वैल्यू बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 3.6 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गई। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि बीते कुछ सालों के दौरान देश में डिजिटल पेमेंट की स्वीकार्यता किस तरह से बढ़ी है और अब लोग व्यापक स्तर पर डिजिटली खुदरा पेमेंट कर रहे।*



### अकेले भारत दे रहा लगभग आधा योगदान

*भारत में खुदरा पेमेंट के डिजिटल होने की व्यापकता का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि 2022 में पूरी दुनिया में इस तरह के जितने डिजिटल पेमेंट किए गए, उनमें लगभग आधे अकेले भारत में किए गए। रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में ग्लोबल डिजिटल पेमेंट वॉल्यूम में अकेले भारत ने 46 फीसदी का योगदान दिया था।*

### 8 साल पहले हुई यूपीआई की शुरुआत

*भारत में यूपीआई की शुरुआत साल 2016 में की गई। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया यानी भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने इसे डेवलप किया है। यह पलक झपकते एक बैंक अकाउंट से दूसरे बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करने की सुविधा देता है। यूपीआई की दुनिया भर में सराहना हुई है। भारत में डिजिटल पेमेंट को आगे बढ़ाने में यूपीआई का योगदान सबसे बड़ा है।*

### ई-कॉमर्स का भी बढ़ रहा है बाजार

*डिजिटल होती इकोनॉमी में भारत का ई-कॉमर्स बाजार भी बड़ा हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में भारत के ई-कॉमर्स बाजार का आकार 75 बिलियन डॉलर से 80 बिलियन डॉलर का था। साल 2030 तक इसमें 21 फीसदी की तेजी आ सकती है।*

## मामला वित्त वर्ष 2021-22 के लेनदेन से जुड़ा

# पेमेंट्स बैंक्स मामला: सेबी ने पेटीएम को भेजा 'प्रशासनिक चेतावनी पत्र'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में कहा गाइड लाइन का पालन किया

पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस को सेबी से एक ''प्रशासनिक चेतावनी पत्र'' मिला है। मामला वित्त वर्ष 2021-22 में ऑडिट समिति या शेयरधारकों की मंजूरी के बिना पेटीएम पेमेंट्स बैंक्स (पीपीबीएल) के साथ संबंधित लेनदेन से जुड़ा है। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में कहा कि उसने लगातार सेबी के नियमों के अनुपालन में काम किया है। फिनटेक कंपनी ने कहा कि वह '' अनुपालन मानकों को बनाए रखने और पारदर्शिता को लेकर प्रतिबद्ध है और सेबी को अपना जवाब भी देगी। ''

### खुलासे के संबंध में जांच की

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 15 जुलाई को लिखे पत्र में कहा कि उसने वन97 कम्युनिकेशंस और उसकी सहयोगी पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) से संबंधित वित्तीय तथा अन्य सूचनाओं के खुलासे के संदर्भ में जांच की है।

### लेखा परीक्षा समिति ने लेनदेन को आरपीटी माना

*सेबी ने कहा, '' दूसरी ओर कंपनी के निदेशक मंडल और लेखा परीक्षा समिति ने ओसीएल और/या इसकी अनुषंगी कंपनियों के बीच पीपीबीएल के साथ लेनदेन को महत्वपूर्ण आरपीटी माना है। साथ ही एक प्रस्ताव पारित किया गया कि पीपीबीएल के साथ आरपीटी, संबंधित प्रस्तावों में उल्लिखित सीमाओं के भीतर होंगे।''*



### अनुपालन मानकों में सुधार की चेतावनी दी

*सेबी ने कहा, '' इसलिए आपको भविष्य में सावधान रहने तथा अपने अनुपालन मानकों में सुधार करने की चेतावनी दी जाती है, ताकि भविष्य में ऐसा कुछ दोबारा न हो। ऐसा न करने पर कानून के अनुसार उचित प्रवर्तन कार्रवाई शुरू की जाएगी।''*

### 10 दिनों के भीतर मांगी रिपोर्ट

*बाजार नियामक ने कंपनी को यह भी सलाह दी कि वह अपना पत्र निदेशक मंडल की बैठक में उसकी जानकारी और आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के लिए रखे, '' जिसके बाद 10 दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट सेबी को प्रस्तुत की जाए।''*

### सेबी ने उल्लंघन को गंभीर बताया

*सेबी के पत्र में बिना अनुमोदन के अतिरिक्त आरपीटी (ओसीएल और उसकी अनुषंगी कंपनियों के बीच, पीपीबीएल के साथ) को सूचीबद्ध किया गया है, जो 324 करोड़ रुपये (ओसीएल द्वारा पीपीबीएल से सेवाएं प्राप्त करना) और 36 करोड़ रुपये (ओसीएल द्वारा पीपीबीएल को सेवाएं प्रदान करना) है। सेबी ने कहा कि उल्लंघन बेहद ''गंभीर'' हैं।*

### शेयरधारकों की उचित मंजूरी नहीं ली गई

*सेबी के पत्र के अनुसार, '' इस संदर्भ में जांच के दौरान निम्नलिखित गैर-अनुपालन देखे गए... वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी और/या इसकी अनुषंगी कंपनियों ने पीपीबीएल के साथ अतिरिक्त संबंधित पक्ष लेनदेन (आरपीटी) या तो लेखा परीक्षा समिति या शेयरधारकों की उचित मंजूरी के बिना किए।'' पेटीएम ने बीएसई को दी गई सूचना में सेबी के पत्र की विषय-वस्तु साझा की।*

### लेनदेन आरपीटी के रूप में सही नहीं

*बाजार नियामक के पत्र के अनुसार, कंपनी ने दावा किया कि उसने शेयरधारकों के संदर्भ के लिए कंपनी तथा उसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा पीपीबीएल के साथ किए गए लेनदेन का संचयी संख्यात्मक मूल्य प्रदान किया था। ओसीएल तथा पीपीबीएल की अनुषंगी कंपनियों के बीच लेनदेन वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान आरपीटी के रूप में सही नहीं हैं।''*

# बजट में राजकोषीय लक्ष्य को घटाया जा सकता है : इक्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- रेटिंग एजेंसी इक्रा ने जताई संभावना

सरकार राजस्व में आए उछाल के दम पर अगले हफ्ते पेश होने वाले बजट में चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को घटाकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.9-5.0 प्रतिशत कर सकती है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को यह संभावना जताई। सरकार ने इस साल फरवरी में अंतरिम बजट पेश करते समय वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। इक्रा रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, /"केंद्र सरकार 11.1 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय लक्ष्य से कोई समझौता किए बगैर राजकोषीय घाटा अनुमान को 5.1 प्रतिशत से घटाकर 4.9-5 प्रतिशत निर्धारित कर सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट



पेश करने वाली हैं। यह उनका लगातार सातवां बजट होगा। सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी का 5.6 प्रतिशत राजकोषीय घाटा लक्ष्य हासिल किया था। नायर ने कहा, /"11.8 लाख करोड़ रुपये के अंतरिम बजट अनुमान की तुलना में चालू वित्त वर्ष के लिए शुद्ध बाजार उधारी में 35,000-55,000 करोड़ रुपये की कमी आने की भी बहुत संभावना है। यह जे पी मॉर्गन सरकारी बॉन्ड सूचकांक में शामिल किए जाने के कारण सरकारी प्रतिभूतियों की मांग को बढ़ावा देने के साथ प्रतिफल के लिए भी अच्छा संकेत होगा।/" उन्होंने कहा कि 1.2 लाख करोड़ रुपये की वृद्धिशील राजस्व प्राप्तियों को राजस्व व्यय बढ़ाने और राजकोषीय मजबूती के लिए विभाजित किया जा सकता है।

### राजकोषीय घाटे के आकार में कमी लाना मुश्किल

नायर ने कहा कि सरकार कुछ आयकर छूट देकर खपत को बढ़ावा देने के लिए भी इसका उपयोग कर सकती है। नायर ने कहा कि अगले तीन-चार वर्षों में राजकोषीय घाटे के व्यापक आकार में कमी लाना काफी मुश्किल होगा, क्योंकि राजकोषीय घाटा-जीडीपी अनुपात में गिरावट काफी हद तक मौजूदा कीमतों में जीडीपी वृद्धि पर निर्भर करेगी।

# ईवी वाहन उद्योग को दो लाख कुशल लोगों की होगी जरूरत होगी : सियाम

## मात्र 30 फीसदी ईवी वाहन लक्ष्य होगा पूर्ण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार के 2030 तक कुल वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की स्वीकार्यता को 30 प्रतिशत के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए भारतीय वाहन उद्योग को उस समय तक दो लाख कुशल लोगों की आवश्यकता होगी। भारतीय वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम ने मंगलवार को यह बात कही। उद्योग निकाय ने कहा कि कार्यबल को काम पर रखने और प्रशिक्षित करने के लिए कुल 13,552 करोड़ रुपये के प्रतिभा निवेश की उम्मीद है।

सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने भारतीय वाहन उद्योग में ईवी से संबंधित कार्यबल को मजबूत बनाने पर एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा, ''वाहन उद्योग के सामने सबसे बड़ी बाधाओं में से एक इलेक्ट्रिक वाहन के लिए कुशल और सक्षम जनशक्ति की कमी है।''अग्रवाल वोल्वो



आयशर कमर्शियल व्हीकल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ भी हैं। उन्होंने कहा कि बैटरी प्रौद्योगिकी संचालित इलेक्ट्रॉनिक्स और मोटर डिजाइन के क्षेत्रों में विशेष रूप से कुशल कामगारों की जरूरत है।

अग्रवाल ने कहा, ''वैश्विक रुझानों की गति को बनाए रखने और हमारे वाहन उद्योग को वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए इस बात की तत्काल आवश्यकता है कि हमारे कार्यबल का कौशल विकास हो।''

### 2030 तक सरकार मिशन पूरा करेगी

*सियाम के उपाध्यक्ष शैलेश चंद्र ने कहा कि 2030 तक भारत को 30 प्रतिशत ईवी अपनाने के सरकार के मिशन को पूरा करने के लिए विशिष्ट कौशल वाले लगभग एक से दो लाख लोगों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रतिभावान लोगों की जरूरत कार्यालय में काम करने वालों से लेकर कारखाने में काम करने वालों तक होगी।*

# सभी विमान कलपुर्जों पर एक समान आईजीएसटी दर लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने सभी विमानों और विमान इंजन के कलपुर्जों पर एकसमान पांच प्रतिशत आईजीएसटी दर को लागू करने की सोमवार को घाषणा की। इस पहल का मकसद उद्योग को गति देना है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। यह घरेलू रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) उद्योग के लिए मील का पत्थर है। इस कदम



- एकसमान पांच प्रतिशत आईजीएसटी दर लगेंगी
- पहल का मकसद उद्योग को गति देना

का उद्देश्य भारत को वैश्विक विमानन क्षेत्र का केंद्र बनाना है। इससे पहले, सभी विमानों और इंजन कलपुर्जों पर आईजीएसटी (एकीकृत माल एवं सेवा कर) दरें पांच प्रतिशत से लेकर 28 प्रतिशत तक थी। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने बयान में कहा, ''एमआरओ से संबंधित वस्तुओं पर एक समान पांच प्रतिशत आईजीएसटी दर विमानन क्षेत्र को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।''''

### परिषद ने की थी सिफारिश

जीएसटी परिषद ने 22 जून को अपनी 53वीं बैठक में एक समान पांच प्रतिशत आईजीएसटी दर की सिफारिश की थी। इसमें कहा गया था कि इस कदम का उद्देश्य परिचालन लागत को कम करना, कर क्रेडिट मुद्दों को समाधान करना और क्षेत्र में निवेश आकर्षित करना है।

# ज़ी एंटरटेनमेंट के 2,000 करोड़ रुपए जुटाने के प्रस्ताव मंजूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मीडिया कंपनी ज़ी एंटरटेनमेंट के शेयरधारकों ने इक्विटी शेयर जारी करने और पात्र संस्थागत आवंटन (क्यूआईपी) सहित विभिन्न साधनों से बाजार से 2,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना को मंजूरी दे दी है। ज़ी एंटरटेनमेंट की तरफ से शेयर बाजार को दी गई सूचना के मुताबिक, कंपनी के शेयरधारकों ने 2,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि जुटाने के लिए प्रतिभूतियां जारी करने के प्रस्ताव को अपेक्षित बहुमत के साथ पारित कर दिया है। प्रतिभूतियां जारी करने का विशेष प्रस्ताव कुल मतदान के 78.83 प्रतिशत मतों से पारित हुआ। इस विशेष प्रस्ताव के लिए ऑनलाइन मतदान अवधि रविवार को शुरू हुई और सोमवार, 15 जुलाई, 2024 को शाम पांच बजे समाप्त हुई।



*सैमसंग के लिए भारत महत्वपूर्ण बाजार*

# सैमसंग की भारत में परिचालक बढ़ाने कलपुर्जों साझेदारों से चर्चा

एजेंसी ▶▶ पेरिस

दिग्गज इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता सैमसंग भारत को एक महत्वपूर्ण बाजार के तौर पर देखती है और वह अपने परिचालन को मजबूती देने के लिए भारतीय कलपुर्जा साझेदारों के साथ बातचीत कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के अध्यक्ष और एमएक्स व्यवसाय के प्रमुख टी एम रोह ने यहां 'सैमसंग अनपैक्ड-2024' के मौके पर मीडिया के साथ चर्चा में कहा कि भारत में नोएडा और बेंगलुरु स्थित शोध एवं विकास



(आरएंडडी) केंद्र कंपनी के लिए महत्वपूर्ण भूमिका में उभरकर सामने आ रहे हैं। रोह ने कहा, ''सैमसंग के लिए भारतीय बाजार बहुत महत्वपूर्ण है। हम यहां वर्ष 1996 से विनिर्माण संयंत्र संचालित कर रहे हैं।

## नए फीचर्स चैटिंग एक्सपीरियंस को पहले से मजेदार बनाती है

# वॉट्सऐप लाया जबरदस्त अपडेट, बदला कॉलिंग का अंदाज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- यूजर्स के लिए कॉलिंग स्क्रीन का नया इंटरफेस रोलआउट कर रही

वॉट्सऐप अपने यूजर्स के लिए नए-नए फीचर ला रहा है। कंपनी नए फीचर्स के साथ यूजर्स के चैटिंग एक्सपीरियंस को पहले से और मजेदार बनाती जा रही है। लेटेस्ट फीचर्स के साथ वॉट्सऐप के इंटरफेस में भी बदलाव होते रहते हैं। इसी कड़ी में अब कंपनी सभी यूजर्स के लिए कॉलिंग स्क्रीन का नया इंटरफेस रोलआउट कर रही है। इसमें कॉलिंग के लिए यूजर्स को स्क्रीन के बॉटम में कॉलिंग बार दिखेगा। इसमें प्रोफाइल फोटो का साइज भी बड़ा कर दिया गया है।



### डब्ल्यू ए बेटा इंफो ने शेयर किया स्क्रीनशॉट

नए कॉलिंग इंटरफेस के रोलआउट की जानकारी डब्ल्यू ए बेटा इंफो ने दी है। डब्ल्यू ए बेटा इंफो ने एक्स पोस्ट में इसका एक स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है। कंपनी का यह लेटेस्ट अपडेट आईओएस यूजर्स के लिए आया है। अगर आप आईफोन चलाते हैं, तो इस अपडेट को आप चेक कर सकते हैं। नए कॉलिंग बार इंटरफेस के लिए आपको फोन में वॉट्सऐप फॉर आईओएस 24.14.78 इंस्टॉल करना होगा।

### कॉल से जुड़े ऑप्शन्स को ऐक्सेस करना हुआ आसान

कॉलिंग के लिए आया नया इंटरफेस यूजर्स को काफी पसंद आने वाला है। इसमें कॉल से जुड़े ऑप्शन्स को ऐक्सेस करना काफी आसान हो गया है। सेमी-ट्रांसपेरेंट डिजाइन इसके लुक को और बेहतर बनाता है। ऐंड्रॉयड यूजर्स के लिए इस नए इंटरफेस को पहले ही रोलआउट किया जा चुका है। अब यह आईओएस के लिए रिलीज हुआ है। कंपनी इसे फेज में रोलआउट कर रही है और धीरे-धीरे सभी आईओएस डिवाइसेज तक पहुंच जाएगा।

### आया वॉइस मेसेज ट्रांसक्रिप्ट फीचर

*वॉट्सऐप में जल्द ही वॉइस मेसेज ट्रांसक्रिप्ट फीचर की एंट्री होने वाली है। इस फीचर की जानकारी भी डब्ल्यू ए बेटा इंफो ने दी है। शेयर किए गए स्क्रीनशॉट के अनुसार नया ट्रांसक्रिप्शन फीचर इनकमिंग और आउटगोइंग वॉइस मेसेज के लिए है। इस फीचर की मदद से यूजर वॉइस मेसेज को टेक्स्ट में कन्वर्ट करके पढ़ सकते हैं। लेटेस्ट फीचर को सेटअप करने के लिए 136एमबी डेटा की जरूरत पड़ेगी। वॉट्सऐप का वॉइस ट्रांसक्रिप्शन फीचर पांच भाषाओं को सपोर्ट करता है और इसमें हिन्दी भी शामिल है। नए फीचर को कंपनी अभी वॉट्सऐप बीटा फॉर ऐंड्रॉयड 2.24.15.5 में रोलआउट कर रही है।*

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन रही तेजी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 52 अंक चढ़कर अबतक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी नये शिखर 24,600 के ऊपर पहुंच गया। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, दूरसंचार और चुनिंदा आईटी शेयरों में लिवाली तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी बनी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 51.69 अंक यानी 0.06 प्रतिशत चढ़कर अपने अबतक के उच्चतम स्तर 80,716.55 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 26.30 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ नये शिखर 24,613 अंक पर बंद हुआ।



### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स के शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक,आईटीसी और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और पावर ग्रिड शामिल हैं।

## 13 लोगों के कातिल सेना के 30 जवानों पर चलेगा हत्या का मुकदमा

**नई दिल्ली।** नगालैंड में तीन साल पहले हुई 13 लोगों की हत्या का मामला एक बार फिर गरमा गया है। इस मामले में राज्य पुलिस ने 30 सैनिकों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की थी। हालांकि केंद्र ने इन सैनिकों के खिलाफ केस चलाने की इजाजत देने से इनकार कर दिया। अब इस मामले में नगालैंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक रिट याचिका दायर की है, जिस पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने केंद्र सरकार और रक्षा मंत्रालय को नोटिस जारी करते हुए 4 हफ्ते में जवाब मांगा गया है।

**OFFICE OF THE EXCISE COMMISSIONER CHHATTISGARH**

**RATE OFFER NOTICE**
**(CORRIGENDUM)**

No./EX./Distillery/2024/4552 Nava Raipur, Dated 16.07.2024

The public, in general and the manufacturers/suppliers of Foreign Liquor, in specific are hereby informed that, Rate Offer Notice No./Rate Offer/2024-25/4463, Dated 11 July 2024, of the office of the Excise Commissioner, Chhattisgarh, issued previously, has been partially amended.

Therefore, the corrigendum related to the above is available on the departmental website https://excise.cg.nic.in, which can be viewed.

-Sd-
(R. SHANGEETHA)
EXCISE COMMISSIONER
Chhattisgarh

G-242501131/3

**महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद्**
**विकास भवन, तृतीय तल, सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) फोन: 0771-2960319,**
**e-mail id- nregastatecell@gmail.com**

क्रमांक/1642/स्टोर/2024-25 नवा रायपुर, दिनांक 16/07/2024

**वाहन किराये के लिये फर्मों के इम्पैनलमेन्ट हेतु निविदा आमंत्रण**

महात्मा गांधी नरेगा छ.ग. रायपुर के उपयोग हेतु मासिक किराये एवं समय-समय पर वाहनों की आवश्यकता होती है। महात्मा गांधी नरेगा छ.ग. रायपुर द्वारा टैक्सी कोटे के वाहन उपलब्ध संस्थाओं से इम्पैनलमेंट हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के फर्मो से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा संबंधी अधिक जानकारी के लिये, नियम शर्त, एवं निविदा प्रपत्र कार्यालय आयुक्त महात्मा गांधी नरेगा, रायपुर में राशि रू. 500 ( वापसी योग्य नही) जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि-21.08.2024 समय दोपहर 03 बजे तक
2. पूर्णत: भरे निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि-22.08.2024 समय दोपहर 12 बजे तक
3. निविदा खोले जाने की तिथि-22.08.2024 समय दोपहर 02 बजे

स्थान-कार्यालय आयुक्त महात्मा गांधी नरेगा, सेक्टर 19 विकास भवन तृतीय तल अटलनगर नवा रायपुर छत्तीसगढ़

( वीरेन्द्र कुमार बाघ )
संयुक्त संचालक (वित्त)
महात्मा गांधी नरेगा
नवा रायपुर अटल नगर (छत्तीसगढ़)

संवाद-40844

**कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़**
**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, वाणिज्यिक कर जी.एस.टी. भवन, अटल नगर नवा रायपुर**

क्रमांक / आब. / आस. / 2024/4561 नवा रायपुर, दिनांक 16.07.2024

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण एवं विदेशी मदिरा विनिर्माता / प्रदायकर्त्ता इकाईयों की जानकारी के लिए यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि विदेशी मदिरा के थोक प्रदाय हेतु कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़ के पत्र No. / Rate Offer / 2024-25/4463, दिनांक 11.07.2024 द्वारा जारी रेट ऑफर अनुसार कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़ में दिनांक 26.07.2024 को समय 17:30 बजे तक रेट ऑफर आमंत्रित किया जाना एवं दिनांक 29.07.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे रेट ऑफर खोला जाना नियत है।

सर्वसाधारण एवं विदेशी मदिरा विनिर्माता / प्रदायकर्त्ता इकाईयों को रेट ऑफर आमंत्रित किये जाने के पूर्व विदेशी मदिरा के विनिर्माता / प्रदायकर्त्ता इकाईयाँ की प्री-बिड मंत्रणा कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़, जीएसटी भवन, नवा रायपुर अटल नगर में दिनांक 19.07.2024 को समय पूर्वान्ह 12:00 बजे आयोजित की गई है।

अत: इच्छुक विदेशी मदिरा विनिर्माता / प्रदायकर्त्ता इकाईयों को नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होने हेतु सूचित किया जाता है।

-Sd-
आबकारी आयुक्त
छत्तीसगढ

जी-242501130/3

## दोनों देशों की दोस्ती का फायदा उठाना चाहता है अमेरिका

# मोदी से अमेरिका ने लगाई गुहार, पुतिन आपके अच्छे दोस्त, बंद कराएं यूक्रेन युद्ध

*पिछले दिनों संपन्न हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूस दौरे को लेकर अमेरिका की तरफ से प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। इस बार इस दौरे को लेकर अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा है कि भारत का रूस के साथ पुराना रिश्ता है, यह सबको पता है। मैथ्यू मिलर ने आगे कहा कि हमने भारत को रूस के साथ अपने पुराने रिश्ते और अपनी अद्वितीय स्थिति का उपयोग करते हुए राष्ट्रपति पुतिन से उनके अवैध युद्ध को समाप्त करने और इस संघर्ष में एक न्यायपूर्ण शांति, स्थायी शांति स्थापित करने का आग्रह करने को कहा।*

**एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही रूस के दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने रूस राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की थी। पांच साल बाद मिले दोनों दोस्तों ने एक दूसरे को गले लगाकर मजबूत रिश्तों का दुनिया भर में संदेश दिया। इस दौरान, पुतिन ने पीएम मोदी को रूस के सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल, से सम्मानित भी किया था। हालांकि, यूक्रेन के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी के रूस दौरे की आलोचना की थी। उनका कहना था कि इस कदम से शांति प्रयासों को झटका लगेगा। अमेरिका ने भी इस यात्रा को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। द्विपक्षीय वार्ता के दौरान, पीएम मोदी ने पुतिन को शांति की सीख दी थी।

### यूएन के चार्टर का सम्मान करने के लिए मनाने का किया था आग्रह



### अमेरिकी राजदूत ने की थी ये टिप्पणी

बता दें कि इससे पहले पीएम मोदी के रूस दौरे को लेकर अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा था कि मैं इस बात का सम्मान करता हूं कि भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता (अपने राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने की नीति) पसंद करता है। युद्ध के समय रणनीतिक स्वायत्तता जैसी कोई चीज लागू नहीं होती है। उन्होंने कहा था, भारत-अमेरिका को जरूरत के समय मिलकर रहना चाहिए। इस रिश्ते को हल्के में न लिया जाए।

**साहित्य एवं भाषा-अध्ययनशाला,**
**पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**रिसर्च एसोसिएट, रिसर्च असिस्टेंट एवं फील्ड इन्वेस्टीगेटर हेतु विज्ञापन**

ICSSR नई दिल्ली द्वारा प्राप्त रिसर्च प्रोजेक्ट वर्क जिसका शीर्षक 'समकालीन परिप्रेक्ष्य में माड़िया जनजाति का शिल्पकला और लोक परंपराओं की चुनौतियाँ एवं संभावनाएँ (छत्तीसगढ़ के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के विशेष संदर्भ में) हेतु अस्थायी/अंशकालीन रिसर्च एसोसिएट-01 (17 माह), रिसर्च असिस्टेंट-01 (17 माह) एवं फील्ड इन्वेस्टीगेटर-02 (6 माह ) पदों के लिए आवेदन दिनांक 25.07.2024, सायं 5.30 बजे तक आमंत्रित किए जाते है।

**नोट:** विस्तृत विज्ञापन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.prsu.ac.in) में अपलोड किया गया है अर्हता/योग्यता की विस्तृत जानकारी Notice Board से प्राप्त की जा सकती है।

प्रोजेक्ट काओडिनेटर
को-प्रोजेक्ट काओडिनेटर

संवाद-40841

**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला- जशपुर (छ.ग.)**

**शासन द्वारा शराब बिक्री हेतु दुकान/ भवन को भाड़े पर लिए जाने बाबत लघु निविदा सूचना**

दिनांक 15/07/2024

सर्वसाधारण की जानकारी के लिये यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि छत्तीसगढ़ राज्य शासन के सार्वजनिक उपक्रम छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा संचालित देशी/ विदेशी मदिरा दुकान कांसाबेल के लिए दुकान/ भवन की आवश्यकता है। अत: देशी/ विदेशी मदिरा दुकान कांसाबेल के लिए ग्राम पंचायत कांसाबेल की भौगोलिक सीमा में सामान्य प्रयुक्त नियमों के अंतर्गत आपत्तिरहित स्थल पर किराये पर दुकान/ भवन हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा की शर्ते एवं निविदा फार्म जिला आबकारी कार्यालय सह जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. जिला- जशपुर से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 31.07.2024 समय सायं 5.30 बजे तक है।

कलेक्टर
जिला - जशपुर (छ.ग.)

जी. 242501121/1

# आर्मस्ट्रॉन्ग के बाद अब मदुरै में एक और बड़े नेता की हत्या

**एजेंसी ▶▶ चेन्नई**

तमिलनाडु में हाल ही में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष आर्मस्ट्रॉन्ग की हुई हत्या के बाद अब एक और नेता का मर्डर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि तमिलर कक्षी नाम की एक क्षेत्रीय पार्टी के नेता की हत्या कर दी गई है। हत्या की इस घटना को मदुरै शहर में अंजाम दिया गया है। मृतक की पहचान बालासुब्रमण्यम के रूप में की गई है। बालासुब्रमण्यम मदुरै उत्तर जिला इकाई के उपाध्यक्ष थे। बालासुब्रमण्यम सुबह-सुबह वॉकिंग के लिए निकले थे, तभी रास्ते में चार लोगों ने उनपर हमला कर दिया। दरअसल, तमिलनाडु में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष की हत्या पूरे देश में चर्चा में रही थी। इसके कुछ ही दिनों पर अब एक और नेता की हत्या के बाद अब प्रशासन पर सवाल उठने भी शुरू हो गए हैं। बता दें कि हाल ही में बसपा की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख आर्मस्ट्रांग की बदमाशों ने उनके आवास के पास हत्या कर दी थी। बसपा सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भी उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंची थीं। मायावती ने आर्मस्ट्रान्ग को श्रद्धांजलि देने के बाद उनके परिवार के लिए न्याय सुनिश्चित करने के वास्ते हत्या की सीबीआई से जांच कराए जाने की मांग की थी। वहीं अब आर्मस्ट्रॉन्ग की हत्या के बाद बालासुब्रमण्यम की भी हत्या कर दी गई है।



मृतक बालासुब्रमण्यम

### बजट पूर्व हलवा समारोह में शामिल हुई वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** बजट दस्तावेज को अंतिम रूप देने का आखिरी चरण माना जाने वाला पारंपरिक हलवा समारोह मंगलवार को हुआ। इसके साथ वित्त वर्ष 2024-25 के बजट दस्तावेज को अंतिम रूप देने का काम शुरू हो गया है।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(द्वितीय आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 156003 / निविदा सूचना क्र. 01 / वलेलि / 2024-25, बालोद दिनांक 15.07.2024

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 01.08.2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम:- बालोद जिले के विकासखण्ड डौण्डीलोहारा की कुरूभाट जलाशय के शेष कार्य का जीर्णोद्वार, मुख्य नहर आर. डी. 0 मी. से 4140 मी. एवं माईनर आर. डी. 0 मी. से 1140 मी. तक का रिमाडलिंग एवं लाईनिंग कार्य, 06 नग सुपर पैसेज, 04 नग व्ही. आर. बी.. 04 नग 01 मी. फाल का निर्माण एवं 19 नग कुलाबा लगाने का कार्य ।**

**अनुमानित लागत -रू.257.89 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https:// eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 22.07.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथां डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https:// eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बालोद
कृते मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी. 242501114/4

**उच्च शिक्षा संचालनालय**
**इंद्रावती भवन, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर**

क्रमांक 53/नि.स./ आउशि/2024 दिनांक 16.07.2024

**केविएट सूचना**

माननीय उच्च न्यायालय द्वारा याचिका क्रमांक WP(S) 5177/2023 में दिनांक 28.07.2023 को पारित निर्णय का पालन करते हुए छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय विश्वविद्यालयों एवं शासकीय महाविद्यालयों हेतु एक समान अतिथि व्याख्याता नीति-2024 तैयार कर कार्यालयीन पत्र क्र. एफ-3-54/स्था. / 2020/38-1 दिनांक 20.06.2024 से लागू की गयी है। इसी अनुक्रम में कार्यालयीन पत्र क्र. 73/नि.स./स. /उ.शि./ 2024 दिनांक 12.07.2024 के माध्यम से संशोधन/ स्पष्टीकरण जारी किया गया है।

इस नीति के प्रावधानों के अनुसार संबंधित संस्थानों द्वारा अतिथि व्यवस्था हेतु आवश्यक विज्ञापन जारी करने के उपरांत किसी भी कारण को आधार बनाते हुए विज्ञप्ति जारी करने वाले संस्थानों के विज्ञापन अनुसार प्रक्रिया संबंधी अथवा अतिथि व्याख्याता नीति - 2024 संबंधी कार्यवाही को निरस्त करने / स्थगित करने अथवा किसी भी प्रकार के अनुतोष को प्राप्त करने के लिए कोई भी रिट याचिका माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जाती है, तो ऐसी याचिका में उपरोक्त किसी भी प्रकार के अनुतोष को प्रदान किये जाने के पूर्व छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग को सुनवाई का अवसर प्रदान किये जाने हेतु विभाग की ओर से एक केविएट आवेदन पत्र माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है, जिस हेतु इस सूचना पत्र का प्रकाशन किया जा रहा है।

आयुक्त
उच्च शिक्षा संचालनालय
इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर

जी. 242501129/1

**कार्यालय, नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**

फा.क्र./संपदा/15/लीज हस्तां./2024 कोरबा दिनांक 10/07/2024

**लीज हस्तांतरण हेतु आम सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों के द्वारा भूखण्ड/भवन के लीज हस्तांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था/ निकाय को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय प्रमाण सहित इस आम सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर नगर पालिक निगम कोरबा कार्यालय साकेत भवन में उपस्थित होकर अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | लीजकर्ता का नाम | लीज ग्रहिता का नाम | योजना का नाम | भूखण्ड/भवन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| भूखण्ड | | | | |
| 1 | 1/ श्रीमती चंपा देवी नायक पति स्व. चन्द्रभान नायक, 2/ श्री जन्मेजय नायक, 3 / रत्नशिला नायक, 4/ श्री हिमेश नायक एवं 5 / श्री विजयालक्ष्मी नायक, पिसरान स्व. चन्द्रशभान नायक, निवासी एच.टी.पी.एस. कॉलोनी जेलगांव दर्री, जमनीपाली, तह- दर्री, जिला- कोरबा (छ.ग.) | श्री लव कुमार साहू आ. श्री चित्राभान साहू, निवासी- साडा कॉलोनी, जमनीपाली, तह.- दर्री, जिला- कोरबा (छ.ग.) | पश्चिमी कोरबा | भूखण्ड क- 48 साईज 40′ x 50′= 2000 वर्गफुट |
| 2 | श्रीमती मधुमिता बनर्जी पति श्री संदीप कुमार बनर्जी, निवासी- बी/17, बल्गी प्रोजेक्ट कोरबा, तह, व जिला कोरबा (छ.ग.) | श्रीमती विमला सोनी पति श्री रामेश्वर प्रसाद सोनी निवासी- हाउस नं.-02, पुष्प पल्लव कॉलोनी, लाटा, तह- दर्री, जिला- कोरबा (छ.ग.) | पश्चिमी कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 39/ ई.डब्ल्यू.एस. साईज 20′ x 40′= 800 वर्गफुट |
| 3 | श्री नटवर लाल अग्रवाल आ. स्व.गुलाब चंद अग्रवाल, निवासी- प्लाट नं.-291, इंदिरा व्यावसायिक सह आवासीय केन्द्र कोरबा, तह, व जिला- कोरबा (छ.ग.) | श्री अमर अग्रवाल आ. श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल, निवासी- वार्ड नं.-04, कुबेर पारा नैला, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.) | इंदिरा व्यावसायिक सह आवासीय केन्द्र कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 10 साईज 12½′ x 30′= 375 वर्गफुट |
| 4 | श्री बजरंग लाल शर्मा आ. स्व. श्रीराम शर्मा, निवासी रामगडीया होटल, धर्मशाला लेन, सम्बलपुर (ओडिसा) | श्री अंकित सिंघानिया आ. श्री अमरेश सिंघानिया, निवासी- प्लाट नं.-48, इंदिरा विहार, टी. पी. नगर कोरबा, तह.व जिला- कोरबा (छ.ग.) | कोसाबाडी कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 764 साईज 40′ x 60′= 2400 वर्गफुट |
| 5 | श्रीमती पैमिला वासन पति स्व. के. के. वासन, निवासी- 08. वासन लेन कोरबा, तह. व जिला- कोरबा (छ.ग.) | 1 / श्री स्वप्निल खरे आ. श्री संतोष खरे, निवासी- एच.आई.जी. / 13, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर कोरबा, तह. व जिला - कोरबा (छ.ग.) एवं 2 / श्रीमती रेखा कोचर पति श्री प्रदीप कुमार कोचर, निवासी- मकान नं.- 243, इंदिरा कामर्शियल एण्ड रेसिडेंसियल सेंटर कोरबा, तह व जिला- कोरबा (छ.ग.) | इंदिरा व्यावसायिक सह आवासीय केन्द्र कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 62 साईज 50′ x 90′= 4500 वर्गफुट |
| 6 | श्रीमती नीता चौकसे पति श्री शशी कुमार चौकसे, निवासी-ई.डब्ल्यू. एस. / 165, साडा कॉलोनी, जमनीपाली तह.- दर्री जिला- कोरबा (छ.ग.) | सोनम राठौर पिता श्री दामोदर प्रसाद राठौर, निवासी- 110/ ई.डब्ल्यू.एस., सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर जमनीपाली, तह. - दर्री, जिला - कोरबा (छ.ग.) | पश्चिमी कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 165/ ई.डब्ल्यू.एस. साईज 20′ x 40′= 800 वर्गफुट |
| भवन | | | | |
| 7 | श्रीमती राजपति चौधरी पति स्व. के. एल. चौधरी, निवासी- एम.क्यू./144, ऊर्जा नगर कॉलोनी, गेवरा प्रोजेक्ट दीपका, तह, कटघोरा जिला- कोरबा (छ.ग.) | श्री अरविन्द कुमार भारद्वाज पिता श्री बालकाली भारद्वाज, निवासी- ओ.ई. /58, सी. एस.ई.बी. कॉलोनी कोरबा (पूर्व), तह.व जिला कोरबा (छ.ग.) | महाराणा प्रताप नगर विस्तार कोरबा | भवन क्रमांक एम.आई.जी. 1/58 |

नोट:- निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन / आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

संपदा अधिकारी
नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)

**छत्तीसगढ़ संवाद**
**(जनसंपर्क संचालनालय की सहयोगी संस्था)**
**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19 नवा रायपुर अटल नगर, जिला - रायपुर (छ.ग.)**
**वेबसाइट- http://samvad.cg.nic.in/ फोन नं. 0771-2512580**

क्रमांक- 575/छगसं./प्रकाशन/2024 नवा रायपुर, दिनांक 15/07/2024

**वर्ष 2024 - 26 तक के लिए बसों (सिटी / निजी बस ) के माध्यम से राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु दर निर्धारण एवं योग्य फर्मों के इम्पैनलमेंट हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ संवाद (जनसंपर्क विभाग की सहयोगी संस्था) द्वारा बसों (सिटी / निजी बस) के माध्यम से राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु दर निर्धारण एवं योग्य फर्मों के इम्पैनलमेंट हेतु निर्धारित प्रारूप में समस्त वांछित दस्तावेजों सहित पूर्ण भरे हुए निविदा ऑनलाइन माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रारूप एवं नियम शर्तों का अवलोकन छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाईट http://samvad.cg.nic.in पर किया जा सकता है। प्रारूप एवं नियम शर्तों में संशोधन होने पर संशोधन की सूचना उक्त वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी, पृथक से समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशन नहीं की जाएगी। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि निम्नानुसार है:-

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र का शुल्क | रूपये 1,180 / - ( जीएसटी सहित) वापसी योग्य नहीं) |
| अमानत राशि | रूपये 1,00,000/- (बिना ब्याज के वापसी योग्य) |
| प्रि-विड | दिनांक 27/07/2024 समय दोपहर 3:00 बजे (छत्तीसगढ़ संवाद भवन के प्रथम तल में स्थित बैठक कक्ष में आयोजित होगी) |
| निविदा में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि | दिनांक 28/08/2024 समय 2:00 बजे अपरान्ह तक |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 28/08/ 2024 समय 3:00 बजे अपरान्ह तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 28/08/ 2024 समय 4:00 बजे सायं से |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ संवाद
नवा रायपुर अटल नगर

संवाद- 40835

## राशिफल

**मेष** – नकारात्मकता का प्रभाव भी रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। मन परेशान हो सकता है।

**वृष** – शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। बातचीत में संयत रहें।

**मिथुन** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। परिवार में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। कार्यक्षेत्र में सुखद परिणाम मिलेंगे।

**कर्क** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह** – शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में रुचि भी बढ़ेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें।

**कन्या** – शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी, परन्तु भागदौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** – धार्मिक कार्यों पर खर्च भी बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है।

**वृश्चिक** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी बढ़ोतरी हो सकती है। शैक्षिक कार्यों में सम्मान मिलेगा।


**धनु** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। खर्चों में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अध्ययन में रुचि रहेगी।

**मकर** – सेहत का ध्यान रखें। भौतिक सुखों के विस्तार पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे। पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं।

## शब्द पहेली - 5574



**बाएँ से दाएँ**
1. लूटमार, डाका-4
5. रपटना -4
9. डोली उठानेवाले-3
10. पुत्र, लड़का-3
12. अधिकार-2
14. नवीन, नया-2
15. एक विदेशी शराब-2
16. कला, हुनर-2
17. मां का प्यार-3
19. दम, बल, जोर-3
21. पपीहा, पपीहरा-3
22. करामात, कारनामा-4
24. शमशीर, कृपाण-4
25. तरंगित, लहरीय-5
26. बोरिया-बिस्तर-4
29. साले की पत्नी-4
33. प्रयास, यत्न-3
34. सहायता, सहयोग-3
36. लीन, तल्लीन-3
37. गहन वन, बुनाई कर्म-2
38. टुकड़ा, कण-2
39. मैं का बहुवचन-2
41. भीगा हुआ-2
42. अंधकार, अंधेरा-3
43. द्रव मापने की इकाई-3
45. प्राचीर, स्तंभ-4
46. बादला, जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. जगत, दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5. आदत-4
6. साजन, बालम-3
7. क्रमबद्धता-2
8. मूर्ख, बेवकूफ-4
11. बुनाई करने वाला-4
13. कटि, मध्यांग-3
16. धार्मिक आज्ञा-3
18. पितामह-2
20. कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21. चलने का ढ़ंग-2
23. पिया, साजन-3
24. दया, रहम-3
26. बेमिसाल, अनूठा-4
27. स्वदेश, मातृभूमि-3
28. जनता, आम लोग -2
30. मैं का बहुवचन-2
31. अभिरुचि, तल्लीनता-3
32. जनता की राय-4
34. उपाधि, पदवी-4
35. देहरी, चौखट-4
38. कक्ष, रूम-3
40. बटाणा, काबुली-3
42. स्तर, परत-2
44. ईश्वर, खुदा, भगवान-2

### शब्द पहेली- 5573 का हल



## सूडोकु नवताल - 5585

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5584 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# हॉकी में कठिन पूल से चिंतित नहीं, पदक का रंग बदलने का यकीं : ललित

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

भारतीय हॉकी टीम को पेरिस ओलंपिक में पूल चरण में ही आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, अर्जेंटीना जैसे दिग्गजों का सामना करना है लेकिन अनुभवी फॉरवर्ड ललित उपाध्याय को यकीन है कि बेहतरीन तैयारियों और काशी विश्वनाथ के आशीर्वाद से टीम पदक का रंग बदलकर लौटेगी ।

टोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे ललित ने रवानगी से पहले यहां दिये इंटरव्यू में कहा , 'ओलंपिक में पूल पर ध्यान देना बेमानी है क्योंकि सभी टीमें पूरी तैयारी के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने आती हैं । हम मैच दर मैच रणनीति बनायेंगे और हर मैच में सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे ।'

## भारत का पहला मुकाबला 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से

भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक से पहले मानसिक दृढता के लिये स्विटजरलैंड के माइक होर्न्स बेस में तीन दिवसीय शिविर के बाद अब नीदरलैंड में अभ्यास मैच खेलेगी । भारत को पेरिस ओलंपिक में पूल बी के पहले मैच में 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से, 29 जुलाई को रियो ओलंपिक 2016 चैम्पियन अर्जेंटीना, 30 जुलाई को आयरलैंड, एक अगस्त को टोक्यो ओलंपिक चैम्पियन बेल्जियम और दो अगस्त को पूर्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया से खेलना है ।

**ललित 168 मैचों में 45 गोल कर चुके**

भारत के लिये 168 मैचों में 45 गोल कर चुके 30 वर्ष के इस फॉरवर्ड ने कहा ,'' हमें पता है कि उम्मीदें बढी हुई हैं क्योंकि लंबे समय बाद हमने ओलंपिक पदक जीता था । हमें भी खुद से पूरी उम्मीद है कि पदक का रंग बदलेंगे ।'' वाराणसी के रहने वाले इस खिलाड़ी ने कहा ,'' हमने पिछले चार साल में फिटनेस पर भी काफी मेहनत की है जो मैदान पर नजर आ रही है । फिटनेस में हम दुनिया की शीर्ष टीमों के समकक्ष हैं ।''




### टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने वाले पांच खिलाड़ी टीम में

टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने वाली भारतीय टीम के 11 खिलाड़ी पेरिस में भी खेलेंगे जबकि पांच खिलाड़ियों का पहला ओलंपिक है । ललित ने हालांकि कहा कि युवा खिलाड़ी भी इतना खेल चुके हैं कि ओलंपिक का दबाव आसानी से झेल लेंगे । उन्होंने कहा ,ये लड़के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं जहां ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने का काफी दबाव होता है लिहाजा ओलंपिक का दबाव भी झेलने में सक्षम हैं।

### आपसी तालमेल टीम की ताकत

ललित ने कहा ,'' इस बार प्रो लीग में काफी फील्ड गोल हुए हैं और फोकस डी के भीतर जाकर मौका बनाने पर रहता है । फॉरवर्ड पंक्ति की कोशिश यही रहती है कि फील्ड गोल करे या डी में जाकर पेनल्टी कॉर्नर बनाये ।'' ललित ने आपसी तालमेल को इस टीम की ताकत बताते हुए कहा कि टोक्यो से पहले कोरोना के दौरान यहां साथ बिताये समय ने एक ईकाई के रूप में टीम को काफी मजबूती दी ।

### हम मानसिक रूप से मजबूत है

ललित ने यादों की परतें खोलते हुए कहा ,'' मैने ओलंपिक खेलने और पदक जीतने का सपना हमेशा से देखा था ।कोई भी लड़का जो अपरिपक्व है और बड़े सपने लेकर टीम में आया है , उसके साथ ऐसा हो जाये तो वह टूट ही जायेगा । उन्होंने कहा ,'' लेकिन शुरूआत में ही यह सब झेल लिया तो मानसिक रूप से और मजबूत हो गया । वैसे तो मैं वह प्रकरण भूल गया हूं लेकिन कभी याद भी आता है तो खुद को और मजबूत पाता हूं।''

### ललित पर शाहिद की अमिट छाप


हॉकी को मोहम्मद शाहिद जैसा सितारा देने वाले बनारस का ललित के जीवन और कैरियर पर अमिट प्रभाव है जो उनकी बातों में भी झलकता है । उन्होंने कहा , 'हमारे बनारस में कहावत है कि सब यहीं से शुरू होता है और यहीं खत्म हो जाता है । हम भी गंगा किनारे बैठते हैं तो यही लगता है जहां एक तरफ दशाश्वमेध घाट (आरती घाट) है और दूसरी तरफ मणिकर्णिका घाट (दाह संस्कार घाट) है ।'

## खबर संक्षेप

### महिला एशिया कप में मिलेगा मुफ्त प्रवेश

**नई दिल्ली।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने शुक्रवार से दाम्बुला में शुरू हो रहे महिला एशिया कप के दौरान जनता के लिए मुफ्त प्रवेश की घोषणा की। एसएलसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट में आठ टीमें - भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मेजबान श्रीलंका, थाईलैंड, यूएई, नेपाल और मलेशिया - रनगिरी दाम्बुला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खिताब के लिए भिड़ेंगी। एसएलसी ने मंगलवार को ट्वीट किया, ''महिला एशिया कप 2024 आ गया है और प्रवेश निःशुल्क है!' टूर्नामेंट में कुल 15 मैच खेले जाएंगे जिनमें दो सेमीफाइनल और फाइनल शामिल हैं। भारत शुक्रवार को अपने अभियान की शुरुआत चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करेगा।

### बावा का विश्व जूनियर स्क्वाश में पदक पक्का



**नई दिल्ली।** भारत के शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया । उन्होंने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के लो वा सर्न को 3-2 से हराया । दिल्ली के 18 वर्ष के बावा 2014 में कुश कुमार के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पुरूष खिलाड़ी बन गए । करीब 80 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में वह पांचवें गेम में 6-9 और 7-10 से पिछड़ गए थे लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 2-11, 11-4, 10-12, 11-8, 12-10 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त मोहम्मद जकारिया से होगा । वहीं अनाहत सिंह लड़कियों के क्वार्टर फाइनल में लगातार तीसरे साल हारकर बाहर हो गई । भारत की 16 वर्ष की राष्ट्रीय चैम्पियन को मिस्र की नादियां इल्हामामी ने 11-8, 11-9, 5-11, 10-12, 13-11 से हराया ।

### इंग्लैंड के मैनेजर के पद से इस्तीफा देंगे साउथगेट



**लंदन।** यूरो 2024 फाइनल में स्पेन से 1-2 से मिली हार के बाद जेरेथ साउथगेट इंग्लैंड फुटबॉल टीम के मैनेजर के पद से इस्तीफा देंगे। साउथगेट पिछले आठ साल से टीम के साथ हैं । उनका अनुबंध इस साल खत्म होने वाला है। उन्होंने कहा , 'इंग्लैंड टीम के लिये खेलना और उसका मैनेजर रहना मेरे लिये गर्व की बात रही । यही मेरा सबकुछ है और मैंने इसे अपना सर्वस्व दिया । लेकिन अब बदलाव का समय है , एक नये अध्याय का समय है ।' उनके मैनेजर रहते इंग्लैंड टीम लगातार दो बार यूरो फाइनल और 2018 विश्व कप सेमीफाइनल तक पहुंची । लेकिन वह 1966 के बाद बड़े खिताब के लिये तरस रहे इंग्लैंड का इंतजार खत्म नहीं करा सके।

क्रिकेट : 27 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला

# श्रीलंका के खिलाफ टी20 में हार्दिक पंड्या होंगे भारतीय टीम के कप्तान

गिल या सूर्यकुमार हो सकते हैं टी20 के उपकप्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या श्रीलंका के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 क्रिकेट श्रृंखला में भारत के कप्तान होंगे । पंड्या निजी कारणों से अगस्त में होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला नहीं खेलेंगे। बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने बताया ,'हार्दिक पंड्या भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान थे । वह पूरी तरह फिट हैं और तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये उपलब्ध भी लिहाजा वह कप्तान होंगे ।'रोहित शर्मा ने विश्व कप जीतने के बाद टी20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया ।

### वनडे दो से सात अगस्त तक कोलंबो में

टी20 श्रृंखला 27 से 30 जुलाई तक पल्लेकेले में खेली जायेगी जबकि वनडे दो से सात अगस्त तक कोलंबो में होंगे । टीम की घोषणा अगले कुछ दिन में होगी । अभी यह तय नहीं है कि उपकप्तान शुभमन गिल होंगे या सूर्यकुमार यादव ।



### हार्दिक और सूर्यकुमार का कप्तानी रिकॉर्ड

हार्दिक पांड्या ने साल 2022 में पहली बार टीम इंडिया की कप्तानी की थी। वो उसके बाद 16 टी20 मुकाबलों में भारत की कमान संभाल चुके हैं, जिनमें टीम 10 मौकों पर विजयी रही है। दूसरी ओर सूर्यकुमार यादव को अब तक 7 मैचों में भारतीय टीम की कमान संभालने का अवसर मिला है, जिनमें से उन्होंने टीम को 5 मौकों पर जिताया है।

### टी20 सीरीज के लिए भारत की 15 सदस्यीय संभावित टीम

हार्दिक पांड्या (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान और मोहम्मद सिराज।

### वनडे सीरीज के लिए भारत की 15 सदस्यीय संभावित टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आवेश खान और अर्शदीप सिंह।

### टीम का चयन गंभीर के अगुवाई में होगा

श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया का चयन गौतम गंभीर की अगुवाई में किया जाएगा। दरअसल, भारतीय टीम के नए हेड कोच गौतम गंभीर का यह पहला असाइनमेंट है। रिपोर्ट के मुताबिक, गंभीर चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर के साथ टीम सेलेक्शन का हिस्सा होंगे।

### 27 जुलाई से शुरू होगा भारत का श्रीलंका दौरा

भारत के श्रीलंका दौरे की शुरुआत 27 जुलाई को पहले टी20 के साथ होगी। भारत और श्रीलंका के बीच 27 जुलाई को तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा। फिर दूसरा टी20 मैच अगले दिन यानी 28 जुलाई को और तीसरा व अंतिम टी20 मैच 30 जुलाई को खेला जाएगा। टी20 सीरीज के सभी मैच पल्लेकेले में खेले जाएंगे। टी20 सीरीज के बाद 2 अगस्त से दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। वनडे सीरीज का दूसरा मैच 4 अगस्त और तीसरा व अंतिम मैच 7 अगस्त को खेला जाएगा। वनडे सीरीज के सभी मैच कोलंबो में खेले जाएंगे।

एटीपी रैंकिंग

## नागल ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ 68वीं रैंकिंग



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके सुमित नागल एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 68वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 26 साल के नागल को पांच स्थान का फायदा हुआ है। उनकी पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 71 थी।

नागल इस तरह दुनिया के 71वें नंबर के पूर्व खिलाड़ी शशि मेनन को पीछे छोड़कर 1973 से सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए। विजय अमृतराज (1980 में 18वें स्थान पर), रमेश कृष्णन (1985 में 23वें स्थान पर) और सोमदेव देववर्मन (2011 में 62वें स्थान पर) एटीपी सर्किट पर नागल से बेहतर रैंकिंग हासिल कर चुके हैं।

पिछले कुछ समय में प्रभावी नतीजों की बदौलत नागल की रैंकिंग में सुधार हुआ है और साथ ही वह पेरिस ओलंपिक के एकल वर्ग में क्वालीफाई करने में भी सफल रहे। पेरिस ओलंपिक के पुरुष एकल में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय नागल के 779 एटीपी अंक हैं। नागल ने साल की शुरुआत ऑस्ट्रेलियाई ओपन में कजाखस्तान के 31वें वरीय एलेक्जेंडर बुबलिक के खिलाफ जीत के साथ की। उन्होंने फ्रेंच ओपन और विंबलडन में भी भाग लिया। नागल ने जून में जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप 2024 चैलेंजर स्पर्धा और फरवरी में चेन्नई ओपन में पुरुष एकल का खिताब जीता।

### चार एटीपी खिताब जीत चुके नागल

वर्तमान में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले भारतीय एकल खिलाड़ी नागल ने 2023 से चार एटीपी चैलेंजर खिताब जीते हैं और हीलब्रॉन क्ले कोर्ट पर उनका चौथा खिताब था।

विश्वकप खेलने में संदेह

## फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर सके मेस्सी



एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

अपने कैरियर में पहली बार फुलटाइम से पहले कोपा अमेरिका फाइनल से चोट के कारण बाहर हुए लियोनेल मेस्सी अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सके और अपने 'आखिरी किले' में से एक फतेह करने के बावजूद वह फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर पाये ।

मेस्सी को पैर की चोट के कारण कोलंबिया के खिलाफ फाइनल मैच से 64वें मिनट में बाहर जाना पड़ा । अर्जेंटीना ने लगातार दूसरी बार कोपा अमेरिका खिताब जीता । मेस्सी के फिटनेस टेस्ट में नाकाम रहने के कारण 2026 विश्व कप में उनकी भागीदारी को लेकर भी अनिश्चितता की स्थिति है ।


सैतीस वर्ष के मेस्सी चोट के कारण पिछले साल इंटर मियामी और अर्जेंटीना के काफी मैचों से बाहर रहे थे । कोपा अमेरिका में भी कई ग्रुप मैचों से उन्हें बाहर रहना पड़ा । इक्वाडोर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में वह पेनल्टी चूके । उन्होने एकमात्र गोल कनाडा के खिलाफ सेमीफाइनल में किया ।

### मीडिया से बात नहीं की मेस्सी ने

मेस्सी ने मैच के बाद मीडिया से बात नहीं की और ना ही उनकी टीम ने चोट की गंभीरता के बारे में बताया। अर्जेंटीना के 35 पार के धुरंधर एंजेल डि मारिया (36) और निकोलस ओटामेंडी (36) के अलावा स्थानापन्न गोलकीपर फ्रेंको अरमानी (37) का यह आखिरी टूर्नामेंट था। अब अर्जेंटीना को सितंबर में चिली और कोलंबिया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच खेलने हैं ।

## कोपा भगदड़ में कोलंबिया फुटबाल संघ के अध्यक्ष सहित 27 गिरफ्तार

**मियामी गार्डन्स।** कोलंबिया फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष और उनके बेटे समेत 27 लोगों को अर्जेंटीना और कोलंबिया के बीच कोपा अमेरिका फाइनल में दर्शकों की भीड़ पर नियंत्रण की कोशिशों में गिरफ्तार किया गया । स्थानीय पुलिस अधिकारी आंद्रे मार्टिन ने बताया कि हार्ड रॉक स्टेडियम पर हुए फाइनल के दौरान दर्शकों के उपद्रव पर काबू पाने की कोशिशों में रेमन जेसुरन और उनके बेटे रेमन जमील जेसुरन को भी हिरासत में लिया गया । दोनों ने सुरक्षाकर्मियों से झगड़ा किया और एक अधिकारी पर हमला भी किया। दोनों ने एक सुरंग के रास्ते मैदान पर जाने की कोशिश की जहां मैच के बाद मीडिया जमा था । उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने रोकने की कोशिश की तो उन्होंने हाथापाई की और सुरक्षागार्ड को घूंसे भी मारे । कोलंबिया फुटबॉल महासंघ ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है ।



द. अफ्रीका के खिलाफ किया था शानदार प्रदर्शन

## हरमनप्रीत टी20 रैंकिंग में 12वें और शेफाली 15वें स्थान पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर आईसीसी टी20 रैंकिंग में क्रमशः 12वें और 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

हरमनप्रीत तीन पायदान आगे बढ़ी हैं। उनके कुल 613 रेटिंग अंक हैं। शेफाली को दो स्थान का फायदा हुआ है। वह न्यूजीलैंड की अमेलिया केर और इंग्लैंड की डैनी वायट के साथ 15वें स्थान पर हैं। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं और वह भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष पर काबिज हैं। गेंदबाजों की सूची में अनुभवी दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। राधा यादव आठ पायदान चढ़कर 15वें, पूजा वस्त्राकर छह पायदान ऊपर 23वें और श्रेयंका पाटिल नौ पायदान ऊपर चढ़कर 60वें स्थान पर पहुंच गईं हैं।



### इंग्लैंड की ग्लेन कैरियर की सर्वोच्च रेटिंग हासिल की

इंग्लैंड की स्पिनर सारा ग्लेन ने 768 अंकों के साथ अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के चार मैचों में आठ विकेट चटकाए हैं। वह पहले की तरह दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं। उनकी साथी सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष पर काबिज हैं।

बोपन्ना के जोड़ीदार बालाजी बड़े मैचों का दबाव झेलने में सक्षम

## बालाजी आक्रामक खिलाड़ी, उन्हें हलके में नहीं ले सकते : बोपन्ना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उम्र के साथ निखरते जा रहे रोहन बोपन्ना अपने आखिरी ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिये बेताब हैं। मजबूत जोड़ीदार नहीं मिलने को लेकर शिकायत करना उनके स्वभाव में नहीं है । भारत के इस अनुभवी टेनिस खिलाड़ी ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में उनके जोड़ीदार एन श्रीराम बालाजी काफी आक्रामक खिलाड़ी हैं और बड़े मैचों का दबाव झेलने में सक्षम भी। बोपन्ना अगर विश्व युगल रैंकिंग में शीर्ष दस से बाहर होते तो भारत का कोई खिलाड़ी 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में इस वर्ग में नहीं होता ।



### हमारे पास हर मैच जीतने का मौका

44 वर्ष के बोपन्ना को बालाजी और युकी भांबरी में से चुनना था और अपने कोच स्कॉट डेविडॉफ और बालाचंद्रन मणिकांत से मशविरे के बाद उन्होंने बालाजी को चुना। बोपन्ना ने दिये इंटरव्यू में कहा ,' मेरा मानना है कि हमारे पास हर मैच जीतने का मौका है । हम सिर्फ भागीदारी के लिये नहीं जा रहे ।'

### हम क्ले कोर्ट पर खेल रहे हैं

बोपन्ना ने कहा , 'हम पूरी तैयारी के साथ जायेंगे । एक टीम के रूप में हमारा वही मकसद है । बाला काफी आक्रामक खिलाड़ी है ।' उन्होंने कहा , 'हम क्ले कोर्ट पर खेल रहे हैं और उस पर बालाजी बेहतर जोड़ीदार साबित होगा । फिलहाल मैं मैथ्यू एबडेन के साथ खेलता हूं जो क्ले पर अधिक फुर्तीला और आक्रामक है ।'

### दोनों में बालाजी अधिक फुर्तीला

बोपन्ना ने कहा , 'क्ले कोर्टपर मुझे ऐसा जोड़ीदार चाहिये जो उस कोर्ट पर मेरे साथ अच्छा तालमेल बना सके । हार्ड कोर्ट या ग्रासकोर्ट पर मैं युकी को चुनता । उन्होंने हालांकि स्वीकार किया कि यह कठिन फैसला था क्योंकि उन्होंने दोनों में से किसी के साथ टूर पर नहीं खेला है । उन्होंने कहा , 'हम दोनों में से बालाजी अधिक फुर्तीला है और दोनों फ्लैंक पर दौड़ सकता है । वह मैथ्यू की तरह है हालांकि मैथ्यू के जितना अनुभव नहीं है।'

### जीतने के मकसद से जा रहे

बोपन्ना ने कहा कि वे सिर्फ पेरिस ओलंपिक में भाग लेने नहीं बल्कि जीतने के मकसद से जा रहे हैं । उन्होंने कहा , 'हर खिलाड़ी ओलंपिक में पदक जीतने ही जाता है । हर कोई पिछली बार से बेहतर करना चाहता है । हम भी यही करने जा रहे हैं । हमारा भी यही मकसद है।'

16- JULY- K&C- MAIN- Pg- 12 SARA SANSAR_Layout 1 7/16/2024 11:51 PM Page 1






# पीएससी भर्ती घोटाला मामले की जांच में जुटी सीबीआई ने जब्त किया इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ दस्तावेज

## दूसरे दिन भी नवा रायपुर स्थित पीएससी दफ्तर के साथ आरोपियों के घरों में जांच जारी रही

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

पीएससी भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई ने जिन लोगों के यहां छापे की कार्रवाई की है, उन लोगों के यहां जांच दूसरे दिन भी जारी रही। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने दूसरे दिन नवा रायपुर स्थित पीएससी कार्यालय से दस्तावेज जब्त करने के साथ कम्प्यूटर हार्ड डिस्क, जिसमें परीक्षा को लेकर डेटा सेव करते हैं, उसे जब्त किया है। इसके साथ ही पीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सोनवानी, सचिव रहे जेके ध्रुव तथा परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक के निवास से लैपटॉप के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस तथा कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किया है।

गौरतलब है कि वर्ष 2020 से 2023 के बीच पीएससी भर्ती में व्यापक पैमान पर भ्रष्टाचार होने के आरोप में राज्य सरकार की अनुशंसा पर सीबीआई मामले की जांच कर रही है। सीबीआई इस पूरे मामले में अर्जुंदा तथा बालोद थाना में दर्ज एफआईआर की कॉपी को आधार बनाकर जांच कर रही है। इसके साथ ही पीएससी के निचले स्तर से लेकर क्लर्क स्तर के कर्मियों से मंगलवार को पीएससी कार्यालय में पूछताछ की।

पीएससी की 2020 और 2021 के डिप्टी कलेक्टर-डीएसपी की भर्ती परीक्षा में चयनित विवादित उम्मीदवारों की प्रीलिम्स और मेंस की आंसरशीट की सीबीआई फोरेंसिक लैब भेजकर जांच कराएगी। इसके साथ ही जांच एजेंसी यह पता लगाने की कोशिश में है कि आंसरशीट में रोल नंबर और प्रश्नों के जवाब अलग-अलग समय में तो नहीं लिखे गए हैं। साथ ही उम्मीदवारों की हैंडराइटिंग की भी सीबीआई विशेषज्ञों से जांच करा सकती है। सूत्रों के मुताबिक 18 चयनित उम्मीदवारों से सीबीआई की टीम पूछताछ करेगी।

पीएससी भर्ती के लिए साक्षात्कार लेने के लिए तीन पैनल बनाए गए थे। सीबीआई की टीम पैनल में शामिल लोगों के बारे में जानकारी एकत्रित कर रही है। साथ ही उनके पुराने रिकार्ड के बारे में जानकारी एकत्रित कर रही है। गौरतलब है कि साक्षात्कार लेने बनाए गए तीन पैनल में से एक पैनल में पीएससी के चेयरमैन भी थे। इसके साथ ही सीबीआई इस बात की भी जानकारी जुटा रही है कि साक्षात्कार लेने वाले पैनल में शामिल सदस्यों के परिचित या उनके रिश्तेदार प्रतिभागी तो नहीं थे।

इसके साथ ही सीबीआई की टीम इस बात की जानकारी जुटा रही है कि किस बोर्ड की ओर से लिए गए साक्षात्कार में सबसे ज्यादा लोगों का चयन हुआ। पीएससी भर्ती घोटाला में टामन, जेके ध्रुव, आरती वासनिक के नाम प्रमुखता के साथ सामने आए हैं। इस मामले में कई और अफसर तथा पीएससी कर्मियों के शामिल होने की आशंका है। इस बात को ध्यान में रखते हुए सीबीआई इस पूरे मामले में कई और संदेहियों से पूछताछ करने के बाद आरोपी बना सकती है।

### सर्वर से डेटा रिकवर करेगी

पीएससी परीक्षा आयोजित करने कम्प्यूटर के हार्ड डिस्क में जो डेटा सेव किया जाता है, परीक्षा समाप्त होने से लेकर चयन होने तथा दावा आपत्ति करने के समय समाप्त होने के बाद हार्ड डिस्क का गैर जरूरी डेटा डिलीट हो जाता है। सीबीआई के अफसर मामले की पड़ताल करने हार्ड डिस्क के सर्वर से डिलीट डेटा को रिकवर कर गड़बड़ी का पता लगाने की कोशिश करेंगे।

# बलौदाबाजार हिंसा के मास्टर माइंड सरकारी शिक्षक को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

बलौदाबाजार कलेक्टोरेट परिसर, एसपी कार्यालय तथा वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी करने के मास्टर माइंड तथा उसके अन्य साथियों को बलौदाबाजार पुलिस ने मुजगहन थाना क्षेत्र से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। इन सभी को आज जेल भेज दिया गया। घटना का मास्टर माइंड रायपुर में अपने एक परिचित के यहां छिपा हुआ था।

- पुलिस ने स्कूल प्राचार्य सहित चार को किया है गिरफ्तार

पुलिस गिरफ्त में आया मास्टर माइंड सरकारी स्कूल का प्रभारी प्राचार्य है। आगजनी की घटना में शामिल चार में से एक की गिरफ्तारी भिलाई से की गई है। पुलिस के मुताबिक आगजनी तथा हिंसा करने के आरोप में घटना का मास्टर माइंड मोहन बंजारे के साथ धमतरी निवासी कोमल संभाकार, महासमुंद निवासी दिनेश कुमार बंजारे, विजय कुमार बंजारे को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार दो माह पूर्व गिरौदपुरी से पांच किलोमीटर दूर मानाकौनी बस्ती में जैतखंब में तोड़फोड़ किए जाने की घटना से आक्रोषित समाज के लोगों ने 10 जून को विरोध में मोर्चा निकाला था। कलेक्टोरेट कार्यालय के पास चल रही सभा में समाज के लोग आक्रोषित हो गए और वाहनों में तोड़फोड़, आग लगाने की घटना को अंजाम देने के बाद कलेक्टोरेट तथा एसपी कार्यालय में तोड़फोड़ करते हुए आग के हवाले कर दिया।

### अब तक 163 लोगों की गिरफ्तारी

बलौदाबाजार आगजनी तथा हिंसा मामले में पुलिस ने अब तक 163 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में बलौदाबाजार जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा के साथ ही भीम आर्मी का प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा महासचिव शामिल हैं। भीम आर्मी के ज्यादातर नेताओं को पुलिस ने रायपुर जिला से गिरफ्तार किया है।

### वायरल वीडियो की पुष्टि के बाद मास्टर माइंड की पहचान

तोड़फोड़ तथा आगजनी की घटना के बाद पुलिस ने समाज के लोगों द्वारा आयोजित सभा की वीडियो हासिल की। इसके साथ ही अलग-अलग सोशल मीडियो में वायरल हो रहे वीडियो की पुलिस ने पड़ताल की। इसके बाद पुलिस ने हिंसा तथा आगजनी मामले में मोहन को दोषी पाया। पुलिस को जो वीडियो प्राप्त हुआ है, उसमें मोहन भीड़ को उकसाता दिख रहा है। साथ ही पुलिस को मोहन का भड़काऊ भाषण मिला है। 10 जून की सभा में मोहन मंच संचालन कर रहा था। मोहन पर आरोप है कि उसने आंदोलन को हवा देने दूसरे जिले से समाज के लोगों को एकत्रित करने का काम किया। मोहन की पत्नी पलारी नगर पंचायत में पार्षद है। मोहन गोड़ा गांव के सरकारी स्कूल में प्रभारी प्राचार्य के पद पर पदस्थ है। इसके साथ ही वह प्रगतिशील सतनामी समाज का युवा अध्यक्ष है।

# खनिज सचिव ने हाईकोर्ट में कहा- बारिश में उत्खनन नहीं होगा

**याचिकाकर्ता ने कहा - अरपा में ही दिन-रात अवैध खनन और परिवहन जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶बिलासपुर

नदियों में अवैध खनन के मामले में खनिज सचिव ने हाईकोर्ट में पेश हलफनामें में कहा है कि बारिश में उत्खनन नहीं करने के निर्देश जारी किए हैं। अरपा अर्पण अभियान की जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। इसमें खनिज सचिव ने शपथपत्र पेश कर बताया कि, बारिश में उत्खनन नहीं करने का निर्देश दिया गया है। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को इस शपथपत्र का जवाब देने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 2 सप्ताह बाद होगी। ध्यान रहे कि अरपा अर्पण महाभियान समिति ने अरपा नदी में किए जा रहे अवैध उत्खनन को लेकर एक जनहित याचिका दायर की थी। इसके साथ ही गत वर्ष नदी में खनन से बने गड्ढों में डूबकर तीन बच्चियों की मौत हुई थी , जिस पर हाईकोर्ट ने स्वयं संज्ञान लिया था। इन दोनों याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई चल रही है। पिछली सुनवाई में खनिज विभाग की ओर से शपथपत्र में बताया गया था कि पिछले दो साल में 654 अवैध परिवहन के प्रकरण दर्ज हुए हैं जिनमें लाखों की पेनाल्टी लगाई गई है। 6 मामलों में कोनी थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।



### खनन ना हो इसके लिए सजग है खनिज अमला

पूर्व में हुई सुनवाई में चीफ जस्टिस ने बच्चियों के मामले में पहले बताए गए चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश पुलिस प्रशासन को दिए थे। सोमवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में सुनवाई के दौरान राज्य के खनिज सचिव ने अपना एक हलफनामा पेश किया। इसमें बताया गया कि, प्रदेश में सभी नदियों वाले इलाकों में बारिश के समय किसी प्रकार का रेत उत्खनन नहीं करने का निर्देश अधिकारियों को दे दिया गया है। इसके अलावा भी दूसरे उपाय खनिज विभाग कर रहा है, ताकि अवैध खनन नहीं हो। उधर याचिकाकर्ता का कहना था कि, रोक के बाद भी सभी जगह खनन चल ही रहा है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को प्रतिवादी खनिज सचिव के हलफनामे के बाद अपना जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। अब इसके जवाब और सुनवाई के लिये दो सप्ताह बाद सुनवाई निर्धारित की गई है।

# मथुरा के 5 स्टार गोशाला में ड्राई फ्रूट खाती हैं गाय

**नई दिल्ली।** आपने अक्सर गाय को चारा खाते हुए ही देखा होगा। ऐसे में अगर हम आपको ड्राई फ्रूट्स खाने वाली गाय के बारे में बताएं तो शायद आप भी चौंक जाएंगे। यूपी के मथुरा में एक बेहद खास गोशाला है जहां गोमाता का विशेष ख्याल रखा जाता है। यहां की गायों को केवल भूसा ही नहीं, बल्कि फ्रूट्स और ड्राई फ्रूट्स भी खिलाए जाते हैं।

भगवान श्रीकृष्ण की नित्य विहार स्थली श्रीधाम वृन्दावन के भक्ति वेदांत स्वामी मार्ग स्थित चंद्रोदय मंदिर की विलास कुंज गोशाला अपनी गो सेवा को लेकर चर्चा का विषय बनी हुई हैं। इस गोशाला में रहने वाली गायों का विशेष ध्यान रखा जाता है। ये गौशाला गोमाता के रखरखाव को लेकर चर्चा में है। ब्रज का एक अर्थ गोष्ठ अर्थात गोशाला यानी गायों का निवास स्थान होता था। नंद बाबा के पास 9 लाख 30 हजार गोवंश था। जिन्हें कभी रस्सी से बांधा नहीं जाता था। उसी प्रकार विलास कुंज गोशाला गोवंश के गोवंश को बंधन से मुक्त रखा जाता है।



### 56 भोग सेवा अर्पित

इस गोशाला की गायों को दलिया, हरा चारा, मौसमी फल आदि समय समय पर उपलब्ध कराया जाता है। इसके अतिरिक्त गोमाता को 56 भोग सेवा अर्पित करने वाली यह पहली गोशाला है। अक्षय पात्र मंदिर के मीडिया प्रभारी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि यहां की गोशाला सबसे अलग है। विलास कुंज गोशाला में गायों को माता की तरह ही रखा जाता है। हम जिस तरह अपनी माता की सेवा करते हैं, उसी प्रकार से यहां गोमाता की सेवा भी की जाती है।

# क्लस्टर टेक्नीशियन नियुक्ति पर हाईकोर्ट ने रोक लगाई

**बिलासपुर।** क्लस्टर टेक्नीशियन के पद पर नियुक्ति आदेश जारी करने पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। याचिका के मुताबिक छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के अंतर्गत सेवाकर्ता इकाई/ क्लस्टर टेक्नीशियन (संविदा) के पद के लिए विज्ञापन 8 जुलाई 2024 को जारी किया गया। इसके खिलाफ बालोद जिले के किशोर कुमार साहू व अन्य 8, तथा बेमेतरा जिले से लीलाधर साहू व अन्य 6 तथा राजनांदगांव जिले से मुकेश कुमार व अन्य 21 सेवाकर्ता इकाइयों ने हाईकोर्ट में अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी और नरेंद्र मेहेर के माध्यम से याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया कि इन याचिकार्ताओं की नियुक्ति सेवाकर्ता इकाई/क्लस्टर टेक्नीशियन संविदा के पद पर हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में रुचि की अभिव्यक्ति के अंतर्गत 586 सेवाकर्ता इकाइयां कार्यरत है जिनका अनुबंध 1 अप्रैल 2023 को किया गया था। इसकी अवधि 31 मार्च 2024 को समाप्त हुई थी क्योंकि लोकसभा चुनाव होने के कारण आचार संहिता लागू होने पर सेवाकर्ता इकाइयों के अनुबंध में मई 2024 तक की वृद्धि किए जाने का नीतिगत निर्णय लिया गया था। इसके तहत सेवाकर्ता इकाइयों के कार्य आदेश की अवधि में दो माह तथा मई 2024 तक वृद्धि करने का आदेश पारित किया गया। सेवाकर्ताओं द्वारा जून 2024 तक कर्तव्य पर उपस्थित रहे। यह भी आधार लिया गया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित न्यायिक दृष्टांत के मुताबिक किसी भी संविदा कर्मचारी अथवा अस्थाई कर्मचारी को उन्हीं के समक्ष अन्य अस्थाई कर्मचारी लिए जाने से कार्यमुक्त नहीं किया जा सकता। नियमित कर्मचारी नियुक्त होने पर ही हटाया जा सकता है। याचिका की सुनवाई जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की कोर्ट में हुई। न्यायालय ने उपरोक्त आधारों पर सुनवाई करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण द्वारा सेवाकर्ता इकाई/क्लस्टर टेक्नीशियन संविदा के पद पर जारी विज्ञापन के तहत होने वाले नियुक्ति पर रोक लगाते हुए शासन को नोटिस जारी किया है।

# पत्नी पर था शक, निगरानी के लिए ड्रोन का किया इस्तेमाल

**बीजिंग।** लोगों का अपने जीवन साथी पर शक होने पर जासूसी करवाने सदियों पुराना चलन है। ऐसा आज भी होता है। लेकिन चीन के एक आदमी ने तो हद ही कर दी जब उसने अपनी पत्नी पर शक होने पर निगरानी करने के लिए आधुनिकतम तकनीक का इस्तेमाल कर डाला। चीन के मध्य हुबेई प्रांत के शियान में रहने वाले 33 साल के जिंग ने देखा कि पिछले एक साल से उसकी पत्नी का उसके प्रति बर्ताव रूखा सा हो गया था। एक रिपोर्ट के अनुसार, जिंग ने कहा कि कभी-कभी वह जानबूझकर उसे अनदेखा कर देती थी। वहीं, कई बार बाहर जाने लगी थी और ज्यादातर यह कहने लगी थी कि वह अपने माता-पिता से मिलने जा रही है। ऐसी घटनाओं ने उसने चिंताओं को बढ़ा दिया था। जिंग ने अपनी पत्नी की गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया। निगरानी फुटेज से पता चला कि पत्नी वू एक कार में बैठ कर दूर पहाड़ों पर चली गई। वहां वह एक दूसरे शख्स के साथ उसका हाथ पकड़कर चलने लगी और एक पुराने मिट्टी के घर में गायब हो गई। इसके 20 मिनट बाद वे घर से बाहर निकली और उस फैक्ट्री में वापस चली गई। जिंग का कहना है कि उसने जो ड्रोन के जरिए सबूत जमा किए हैं वह उसे तलाक लेने में काम आएंगे। उसने बताया कि दूसरा शख्स उसका बॉस था।












# गांवों में पाइप लाइन से पानी सप्लाई लेकिन टुल्लू पम्प वाले बने रोड़ा, हाईकोर्ट ने कार्रवाई करने कहा

## राजनांदगांव के 25 गांवों में पाइप लाइन से पानी नहीं मिलने पर जनहित याचिका

**बिलासपुर।** ग्रामीण क्षेत्र में पाइप लाइन से पानी सप्लाई नहीं किए जाने के मामले में कोर्ट कमिश्नर ने हाईकोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है। इसमें कहा गया है कि सभी गांवों में पाइप लाइन से पानी दिया जा रहा किन्तु ग्रामीण टुल्लू पम्प लगाकर पानी रोक रहे हैं। इसके कारण आगे के घरों में पानी कम जा रहा है, जिन्होंने टुल्लू पंप नहीं लगाया है, इस पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताते हुए शासन को निर्देश दिया है कि वे टुल्लू पम्प लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। इसके साथ ही कोर्ट ने जनहित याचिका निराकृत कर दी है।

राजनांदगांव निवासी देवेंद्र मोहन ने राजनांदगांव के 25 गांवों में पाइप लाइन से पानी नहीं मिलने एवं चेक डेम का गलत जगह निर्माण किए जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न होने की बात कहते हुए जनहित याचिका दायर की थी। पिछली सुनवाई में शासन ने जवाब प्रस्तुत कर कहा कि सभी गांवों के प्रत्येक घर में पानी दिया जा रहा है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने इसका विरोध किया। इस पर चीफ जस्टिस ने कोर्ट कमिश्नर नियुक्त कर जांच रिपोर्ट मांगी। कोर्ट कमिश्नर ने सभी गांवों का दौरा कर रिपोर्ट तैयार की। रिपोर्ट में कहा गया कि सभी गांव में ग्राम पंचायतों के माध्यम से पाइप लाइन से जल आपूर्ति की जा रही किन्तु ग्रामीण टुल्लू पम्प लगाकर सीधे पाइप से पानी ले रहे हैं। इसके कारण आगे के घरों में बून्द-बून्द पानी जा रहा है। इस पर कोर्ट ने ग्राम पंचायतों को टुल्लू पम्प लगाकर पानी लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कलेक्टर को इस पर कदम उठाने कहा है। सुनवाई के दौरान कोर्ट कमिश्नर ने कहा कि पानी की जांच नहीं हो रही। बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण इसमें लगातार परेशानी आ रही है। कोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते हुए सीएसपीडीसीएल को बिजली आपूर्ति करने का आदेश दिया है।

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद सचिवों की नियुक्ति

बिलासपुर। हाईकोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय के बाद जिला पंचायत ने पांच ग्राम पंचायत सचिवों को नियुक्त करते हुए पदस्थापना दी है। जिला पंचायत सीईओ आरपी चौहान ने इस संबंध में बताया कि अनारक्षित वर्ग से घनश्याम को जिला पंचायत में संलग्न किया गया है। वहीं अनारक्षित वर्ग से सतानंद यादव को कोटा ब्लॉक के रानीसागर ग्राम पंचायत, अन्य पिछड़ा वर्ग से मनहरण लाल वर्मा को बिल्हा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सारधा, अनुसूचित जाति वर्ग से सुखीराम सूर्यवंशी को कोटा ब्लॉक के करगीखुर्द व अन्य पिछड़ा वर्ग से चन्द्र कुमार पाल को बिल्हा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सरवानी में पदस्थापना दी गई है। सभी को आदेश प्राप्ति के 15 दिवस के भीतर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com